सुप्रभात
रांची, बुधवार
12.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 267 12

'पाइन कोन' में दिखेंगी सुरभि तिवारी

12 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:11 बजे
13 अप्रैल का सेहरी भोर 4:13 बजे




# सचिवालय घेरने जा रहे भाजपाइयों पर लाठी चार्ज

- वाटर कैनन व आंसू गैस के गोले बेअसर, लाठी चार्ज में सांसद और पार्टी कार्यकर्ता समेत दर्जन भर घायल, कई पुलिसकर्मी भी चोटिल
- पारस हॉस्पिटल में संजय सेठ, सुनील सिंह समेत कई इलाजरत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपाइयों के सचिवालय घेराव के दरम्यान मंगलवार को पुलिस ने जबरदस्त बल प्रयोग किया। घेराव करने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं को तितर-वितर करने के लिए पुलिस ने पहले वाटर कैनन व आंसू गैस के गोले छोड़े, लेकिन, जब भाजपा कार्यकर्ता धुर्वा गोल चक्कर के निकट बैरिकेटिंग तोड़ कर आगे बढ़ने लगी तब पुलिस को लाठी चार्ज करनी पड़ी। पुलिस ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों की ओर से पत्थर भी फेंके गये, जिसमें कई जवान जख्मी हो गये हैं।

झारखंड सरकार की विफलता और इसे उखाड़ फेंकने के लिए आयोजित सचिवालय घेराव का नेतृत्व प्रदेश पार्टी प्रभारी डॉ लक्ष्मीचंद वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी व समीर उरांव कर रहे थे।

जुलूस की शक्ल में हजारों कार्यकर्ता और समर्थक धुर्वा स्थित विश्वनाथ शहदेव चौक तक पहुंच कर हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ नारों के साथ प्रदर्शन किया। बाद में दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार की हिटलरशाही घायलों को अस्पताल ले जाने में भी दिखी। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिये सरकारी स्तर पर कोई व्यवस्थ नहीं थी। प्राइवेट एंबुलेंस के लिए बैरिकेटिंग बने बाधक, घायलों को हुई परेशानी।

**भगदड़ में भी कई घायल :** पुलिस के लाठीचार्ज के बाद भगदड़ मचने से काफी कार्यकर्ताओं को चोटें आयी है। इनमें से सांसद संजय सेठ, सुनील कुमार सिंह, महिला नेत्री नीलम चौधरी, अशोक बड़ाई समेत दर्जन भर कार्यकर्ताओं का ईलाज पारस हॉस्पिटल में चल रहा है। इसके पहले प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आंदोलन को धरातल पर उतारने में कार्यकर्ताओं का सक्रिय मार्गदर्शन किया।

**ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण :** कार्यक्रम की शुरुआत सिदो-कान्हू और ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। विधायक नारायण दास, केदार हजारा, रणधीर सिंह, अमर बाउरी, नीरा यादव, अनंत ओझा, अमित मंडल, अपर्णा सेन गुप्ता, जेपी पटेल, सांसद सुनील सोरेन, बीडी राम, निशिकांत दुबे, विद्युत वरन महतो, समीर उरांव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने किया।

### आज काला दिवस मनायेगी भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार की नीति के खिलाफ 12 अप्रैल को मंडल स्तर पर काला दिवस मनाने मनाया जायेगा। सीएम का पुतला दहन का किया जायेगा। उन्होंने सचिवालय घेराव के दौरान भ्पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज, आंसू गोले व वाटर कैनन की भर्त्सना किया। उन्होंने कहा कि तानाशाही, भ्रष्टाचार युक्त, विकास मुक्त, बिचौलियों की सरकार, खनिज संपदा की लूट, तुष्टिकरण की सरकार के खिलाफ यह संघर्ष याद किया जायेगा। राज्य सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। 2024 चुनाव में इस सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी।





**सांसद सुनील सिंह समेत कई पर प्राथमिकी :** सचिवालय का घराव करने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प के बाद देर रात धुर्वा थाना मजिस्ट्रेट ने भाजपा सांसद सुनील सिंह, समीर उरांव, विधायक विरंची नारायण समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी। उनपर धारा 144 का उल्लंघन, पुलिस पर हमला, सरकारी काम में बाधा डालने, बैरिकेडिंग तोड़ने, पत्थर फेंक कर एसडीओ दीपक कुमार दुबे, रैफ के दो अधिकारियों समेत 15 पुलिसकर्मियों को जख्मी करने का मामले दर्ज किया गया है। डीसी राहुल सिन्हा ने कहा कि धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा के बावजूद जुलूस निकाला गया। बोतलें और पत्थर फेंके, जिससे कुछ पुलिसकर्मी और मीडियाकर्मी भी घायल हो गये।

## न्यूज डायरी

### हेमलाल मुर्मू सीएम के समक्ष झामुमो में शामिल



**रांची/साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष मंगलवार को नौ साल बाद भाजपा नेता हेमलाल मुर्मू झामुमो में शामिल हो गये। हूल क्रांति के महानायक अमर शहीद सिदो-कान्हू के जन्म दिवस पर उनकी जन्मस्थली साहिबगंज के भोगनाडीह में आयोजित समारोह में हेमलाल मुर्मू ने सैकड़ों समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थामा।

### वीरेंद्र राम के सहायक आलोक गिरफ्तार

**रांची।** इडी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी आलोक रंजन को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब हो कि इडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### अपरेश कुमार सिंह बने त्रिपुरा के चीफ जस्टिस

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के वरिष्ठ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है। केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने ट्वीट कर यह जानकारी दी थी।

### सलमान को फिर जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमी मिली है। धमकाने वाले शख्स ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर कहा कि वो 30 अप्रैल को सलमान खान को मार देगा।

### रिम्स के गर्ल्स हॉस्टल में लगी आग

**रांची।** रिम्स के गर्ल्स हॉस्टल नंबर दो में मॉक ड्रिल के दौरान मंगलवार को अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बाद में फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया गया। हॉस्टल परिसर के पीछे ट्रांसफार्मर में काम के दौरान शार्ट सर्किट से आग लगी।

### आइपीएल में सट्टेबाजी पुलिस ने सात को दबोचा

**झुंझुनू।** झुंझुनू पुलिस ने आइपीएल मैच के सट्टे पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए झुंझुनू शहर के रीको क्षेत्र में एक मकान पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में अत्याधुनिक उपकरणों के साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

### इडी ने तेजस्वी यादव से की घंटों पूछताछ

**पटना/नयी दिल्ली।** पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी और राज्यसभा सांसद मीसा भारती के बाद अब बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) टीम ने घंटों पूछताछ की।

### अंगारों पर दौड़े भाजपा नेता संबित पात्रा

**नयी दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा यूं तो अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। इस बार वह अपने बयानों के लिए नहीं बल्कि ट्वीटर पर पोस्ट किये एक वीडियो पोस्ट के लिए चर्चा में हैं। जिसमें वे अंगारों पर दौड़ रहे हैं।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |


# वित्तीय गड़बड़ी जांचने विभावि पहुंचे राजभवन से अधिकारी

- कई दस्तावेज खंगाला, कागजात राजभवन भेजने का दिया निर्देश
- रजिस्ट्रार के मामले में भी हुई पूछताछ, कार्यकाल का मांगा ब्योरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) में मंगलवार को राजभवन से ओएसडी (ऑफिसर्स ऑन स्पेशल ड्यूटी) मुकुलेश नारायण कई मामलों की जांच के लिए हजारीबाग पहुंचे। वह, विवि में वित्तीय अनियमतताओं की जांच और रजिस्ट्रार के मामले को खंगालने यहां पहुंचे थे। उन्होंने कुलपति से भी कई मुद्दों पर पूछताछ की। साथ ही अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर कई दस्तावेज खंगाले। डिजिटल बोर्ड की खरीदारी से लेकर कई मामले की जानकारी ली। उन्होंने वित्तीय मामलों से संबंधित कई दस्तावेज खंगाले और कई कागजात अपने साथ राजभवन ले गये। साथ ही कई दस्तावेजों की प्रतिलिपि राजभवन भेजने का निर्देश दिया। (शेष पेज 11 पर)

### शिकायत पर चांसलर ने लिया संज्ञान

छात्र नेता और विभावि के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष चंदन सिंह की शिकायत पर चांसलर ने संज्ञान लिया है। उन्होंने विभावि में वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित विभिन्न छह बिन्दुओं पर राजभवन को पत्र लिखकर शिकायत करते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। उसमें रजिस्ट्रार बीके गुप्ता का मामला भी संलग्न था। इसमें सेवा अवधि खत्म होने के बाद 10 करोड़ की खरीदारी की शिकायत की थी। मॉडल व महिला कॉलेज में फर्नीचरिंग, सरकार से गैर-सरकारी बैंक में राशि ट्रांसफर, रूसा बोर्ड से दो करोड़ की राशि से स्मार्ट बोर्ड की खरीदारी, कर्मी जयप्रकाश को एक्स्ट्रा अलाउंस देने, सूर्यकांत गांगुली और सूर्यभूषण को सरकार के रोक के बावजूद विभावि मद से वेतन देने समेत कई मामलों की शिकायत की थी।

**हमने करोड़ों की राशि बचायी : कुलपति :** विभावि हजारीबाग के कुलपति प्रो डॉ मुकुल नारायण देव का कहना है कि उन्होंने विभावि में करोड़ों की राशि की बचत की है। जो भी खरीदारी की गयी, वह फाइनांस एडवाइजरी के तहत समिति बनाकर की गयी। डिजिटल व स्मार्ट बोर्ड की खरीदारी में भी कोई सवालिया निशान नहीं है, बल्कि उन्होंने एक लाख रुपए बिजली की भी बचत कराई है। राजभवन से आए अधिकारी से भी इन बातों का उन्होंने जिक्र किया। राजभवन के अधिकारी ने उनसे रजिस्ट्रार के मुद्दे पर बातचीत की और पत्र में भी उसी बात का जिक्र था। जब बीके गुप्ता का कार्यकाल पूरा हो गया था, तो एक सप्ताह पहले ही उन्होंने राजभवन को पत्र लिखकर इसकी सूचना दे दी थी। जब वहां से कोई निर्देश नहीं आया, तो बीके गुप्ता को एक्सटेंशन दे दिया।

## शहीद सिदो-कान्हू को श्रद्धांजलि दे सीएम ने साहिबगंज को दी सौगात

# तय होगा वन उपज का एमएसपी बाजार भी उपलब्ध करायेंगे : हेमंत

- 75392.09 लाख रुपये की 2080 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास
- 206 लाभुकों के बीच बांटी लगभग 391 लाख की परिसंपत्ति
- 9 जिलों में मीजल्स-रूबेला विशेष टीकाकरण का शुभारंभ
- पैक्स- लैम्प्स की सदस्यता के महाअभियान का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/भोगनाडीह।** सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को अमर शहीद सिदो-कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह, साहिबगंज में वीर शहीद सिदो- कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और वंशजों को सम्मानित किया। साथ ही साहिबगंज जिले के लिए विकास योजनाओं की कई सौगात दी। श्री सोरेन ने भोगनाडीह से मंगलवार को मिजल्स रूबेला विशेष टीकाकरण और नवगठित सिदो -कान्हू राज्य सहकारी संघ के तहत पैक्स-लैम्प्स से सदस्यों को जोड़ने के महाअभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अब कृषि और वन उपज को बाजार के साथ उचित मूल्य मिलेगा। इसके लिए इन उत्पादों का एमएसपी भी तय किया जायेगा। सरकार ने सिदो कान्हू कृषि एवं वन उपज संघ का गठन किया है। इसके लिए पैक्स -लैम्प्स को आर्थिक मजबूती दी जा रही है। इसके बाद आपके उत्पादों को पैक्स-लैम्प्स खरीदेगी। पलाश ब्रांड के जरिए महिल स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर सीएम ने साहिबगंज जिले को 2080 योजनाओं की सौगात दी और लाभुकों को सशक्त बनाने के लिए उनके बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। (शेष पेज 11 पर)

### राज्य सरकार और नगर निगम से झारखंड हाइकोर्ट ने पूछा

# गर्मी में लोगों को पेयजल देने का क्या है इंतजाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने मंगलवार को रांची के विभिन्न जलाशयों और तालाबों के अतिक्रमण संबंधित एक याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार तथा नगर निगम से पूछा है कि गर्मी के मद्देनजर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्या इंतजाम किये जा रहे हैं, इसकी जानकारी दी जाये। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान गर्मी के मद्देनजर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्या इंतजाम किये जा रहे हैं, इसकी जानकारी मांगी। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि रांची के बड़ा तालाब और जिला के आसपास के जलस्त्रोतों को संरक्षित करने व इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। (शेष पेज 11 पर)

# रामगढ़ एलआइसी कार्यालय के समक्ष 30 लाख रुपये की लूट

- अपराधियों ने सीएमएस कंपनी के कैश वैन के सुरक्षा गार्ड के पैर में मारी गोली
- दो बाइक से पांच की संख्या में पहुंचे थे अपराधी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि वे शहर में दिनदहाड़े लाखों की लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसी ही एक घटना 11 अप्रैल को रामगढ़ गोला रोड स्थित एलआइसी कार्यालय के समक्ष घटी। जहां दो बाइकों से पहुंचे पांच अपराधियों ने करीब 30 लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गये। बताया गया कि झंडा चौक स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय से सीएमएस कंपनी के कैश वैन सुरक्षाकर्मी 29 लाख 34,747 रुपये कैश वैन में रखने जा रहे थे। उसी दौरान दो बाइक से 5 अपराधी आ धमके। अपराधियों ने कैश वैन में रुपये रखने जा रहे सुरक्षाकर्मी प्रेम सागर से रुपये छीनने का प्रयास किया, तो सुरक्षाकर्मी ने इसका विरोध किया। इसपर अपराधियों ने सुरक्षाकर्मी पर गोली चला दी।

# सीजेआइ ने वकील को चेताया, कहा- मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ न करें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जल्द सुनवाई के लिए बार-बार अनुरोध करने पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश वकील पर भड़क गये। उन्होंने कहा कि आप मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ मत करें। बाद में वकील ने कोर्ट से माफी मांग ली। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक पीठ हर दिन औसतन लगभग 100 मामलों की सुनवाई करती है जो सर्वोच्च न्यायालय की पीठों के समक्ष तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग करते हैं। मुख्य न्यायाधीश की अदालत अक्सर वकीलों से भरी रहती है, जो अपने मामले की तत्काल सुनवाई की मांग करते हैं।

मामलों के उल्लेख के दौरान मुख्य न्यायाधीश का वकीलों के साथ बातचीत में बहुत नरम लहजा होता है और अदालती कार्यवाही के दौरान शायद ही कभी अपनी आपा खोते हैं। हालांकि, मंगलवार को वह भड़क गये और एक वकील को चेतावनी दी- मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ मत करो। वकील बार-बार एक मामले की जल्द सुनवाई के लिए अदालत से अनुरोध कर रहा था। जब पीठ ने उन्हें बताया कि उनका मामला 17 अप्रैल को सूचीबद्ध होगा, तो उन्होंने मामले को दूसरी पीठ के समक्ष उल्लेख करने की स्वतंत्रता मांगी। वकील ने कहा, यदि अनुमति हो तो मैं किसी अन्य पीठ के समक्ष इसका उल्लेख कर सकता हूं। वकील समझ गया कि उसकी दलीलों ने मुख्य न्यायाधीश को नाराज कर दिया है। खेद व्यक्त कर कहा कि उसे अपनी दलीलों के लिए माफ किया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने वकील से कहा- हां, क्षमा कर रहे हैं, लेकिन मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ न करें।

# खौफ में अतीक, कहा- नीयत ठीक नहीं, मुझे मारना चाहती है पुलिस

- पुलिस वैन में बैठते ही जताया डर, गुजरात से फिर यूपी पुलिस प्रयागराज ले कर निकली

**एजेंसी**

**साबरमती, प्रयागराज।** अब उमेश पाल की हत्या केस में अतीक की पेशी होनी है। प्रयागराज की सीजेएम कोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अतीक के पेश होने की अर्जी को खारिज कर दिया था। इसके बाद वॉरंट-बी लेकर साबरमती जेल में पहुंची और यूपी पुलिस का एक दल माफिया अतीक अहमद को लेकर अहमदाबाद के साबरमती जेल से दोपहर बाद प्रयागराज के लिए रवाना हो गयी। जेल से निकलकर वैन में बैठते वक्त अतीक ने अपनी जान का खतरा बताया। उसने कहा कि यह सब ठीक नहीं है। इन लोगों की नीयत ठीक नहीं है। ये लोग मुझे मारना चाहते हैं। अतीक अहमद ने मीडिया के सामने बयान दिया है कि पुलिस उसे मारना चाहती है। यह दूसरा मौका है जब उसे पेशी पर लाने के लिए गुजरात के साबरमती जेल से यूपी लाया जा रहा है। हाल ही में अतीक को 2006 में उमेश पाल किडनैपिंग केस में सजा हुई है। अब उमेश पाल की हत्या केस में अतीक की पेशी होनी है।

प्रयागराज की सीजेएम कोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अतीक के पेश होने की अर्जी को खारिज कर दिया था। इसके बाद पुलिस वॉरंट-बी लेकर साबरमती जेल में पहुंची। अतीक का मेडिकल कराया गया फिर शाम में अतीक को लेकर यूपी पुलिस प्रयागराज के लिए निकली। पुलिसकर्मी बॉडी ऑन कैमरे से लैस हैं। साथ ही वैन की गेट में बायोमेट्रिक लॉक लगा है। (शेष पेज 11 पर)

**प्रयागराज में दर्ज है हत्या का मामला :** इससे पहले ट्रांसफर वारंट की प्रक्रिया को पूरा किया गया। यूपी में उसे गिरफ्तार कर नामदार कोर्ट में पेश किया जायेगा। पुलिस की कोशिश होगी की उसे रिमांड पर लिये जाते हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश पुलिस इस बात की जांच करेगी कि अतीक की इस मामले में क्या भूमिका रही। पुलिस यह जानना चाह रही है कि उनके परिवार की मदद ली गयी या किसी और की। यूपी पुलिस अतीक के परिजनों की तलाश भी कर रही है। अब अतीक और उसके बेटे अली समेत 13 के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्रयागराज की धूमनगंज पुलिस ने यह मामला दर्ज है।



### राजस्थान के बिछीवाड़ा थाने पर वैन की जांच

साबरमती से अतीक को ले कर टली यूपी पुलिस का काफिला राजस्थान के डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाने पर कुछ देर रुका। थाने पर वैन की मैकेनिकल जांच करवायी गयी। बताया जा रहा है कि वैन में कुछ टेक्निकल समस्या थी। गुजरात से डूंगरपुर में एंट्री होते ही पुलिस अलर्ट हो गयी थी। अचानक थाने पर रुकने से एक बारगी चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया था।

**बॉडी कैमरों से लैस हैं पुलिसकर्मी**

अतीक की हर हरकत और प्रतिक्रिया पर नजर रखने के लिए पुलिस बॉडी कैमरों से लैस है, ताकि अहमदाबाद से प्रयागराज तक की सारी गतिविधियों को रिकॉर्ड किया जा सके। प्रयागराज के रहने वाले साबिर नाम के शख्स ने अतीक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है जिसके चलते उत्तर यूपी ने यह केस दर्ज किया है। राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की कुछ दिन पहले सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में अतीक अहमद सहित कई लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

# पाक कंगाल, पर हथियार बेचकर सेना बनी मालामाल

**एजेंसी**

**खुली पोल**

**कराची।** कर्ज में डूबा पाकिस्तान अपने इतिहास के सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ हा है। आटे की वजह से भगदड़ में होने वाली मौत हो या फिर रमजान के मौके पर महंगे फल और सब्जी, ये खबरें अब आम सी लगने लगी हैं। इस सबसे बड़े संकट के बीच ही पाकिस्तानी सेना से जुड़े ऐसे सबूत सामने आये हैं जो यह बताने के लिए काफी हैं कि किस तरह से पाकिस्तान की आर्मी भारी मात्रा में हथियारों और गोला-बारूद यूक्रेन को बेचकर मालामाल हो गयी है। पाकिस्तान ने पश्चिमी देशों के रास्ते इन हथियारों को यूक्रेन भेजा है। (शेष पेज 11 पर)

**सीक्रेट रखने में नाकाम पाकिस्तान :** पाकिस्तान हमेशा से दावा करता आया है कि वह यूक्रेन के युद्ध में तटस्थ है लेकिन जो डॉक्यूमेंट्स सामने आये हैं, वो कुछ और ही बताते हैं। वेबसाइट द न्यू इंडियन के हाथ कुछ ऐसे दस्तावेज लगे हैं जो इस देश के असली चेहरे को सामने लाते हैं। द न्यू इंडियन के पास मौजूद बिल के अनुसार, इस साल फरवरी और मार्च के बीच, 42,000 122 एमएम बीएम-21 मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर पाकिस्तान से भेजे गए थे। पाकिस्तान ने इन हथियारों को अमेरिका, ब्रिटेन और सऊदी अरब के रास्ते यूक्रेन भेजा था। वेबसाइट न्यू इंडियन के हाथ जो बिल लगे हैं उनसे पता चलता है कि पाकिस्तान की ऑर्डनेंस फैक्ट्रियां ब्रिटेन, अमेरिका और सऊदी अरब के रास्ते यूक्रेन को गोला-बारूद बेच रही हैं। पाकिस्तान ने इस आदान-प्रदान को सीक्रेट रखने की काफी कोशिशें की लेकिन असफल रहा।

प्रदेश भाजपा का सचिवालय घेराव कार्यक्रम पर भाजपा और कांग्रेस ने दी प्रतिक्रिया

# भाजपा ने घेराव कार्यक्रम को बताया ऐतिहासिक

# कांग्रेस बोली- गुंडागर्दी से कुछ हासिल नहीं होगा

## भाजपा के कार्यकर्ताओं के उत्साह और भीड़ से बौखलायी राज्य सरकार ने निर्दोष कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया: रमेश सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने दावा किया है कि हेमंत सरकार के विरोध में पार्टी द्वारा आयोजित हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। श्री सिंह ने प्रशासन द्वारा लाठीचार्ज किए जाने की घटना की निंदा करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह और भीड़ से बौखलाई राज्य सरकार ने निर्दोष कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होता। इससे पहले हजारों कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस की शक्ल में श्री सिंह रातू रोड के बिरला मैदान से प्रभात तारा मैदान पहुंचे। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर के पूर्व महामंत्री नंदकिशोर अरोड़ा, मिंटू चौबे, विनय कुमार, अशोक यादव, दिलीप गुप्ता, कुमार पुरंदर सहित बड़ी संख्या में समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।



### किसान मोर्चा की भी रही भागीदारी

**रांची।** भाजपा के सचिवालय घेराव में विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी भागीदारी निभायी। इसका नेतृत्व मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने किया। जगन्नाथ मैदान पहुंचे एवं वहां जनसभा के संपन्न होने के पश्चात सचिवालय घेराव के लिए पैदल मार्च में निकल पड़े। इसमें प्रमुख रूप से अमरनाथ चौधरी, ललित ओझा, अर्जुन सिंह, काशीनाथ महतो, राजकुमार सिंह, मुकेश सिंह, वैभव सिंह, अजय दूबे, अवधेश दूबे, सुरेंद्र मंडल, अंचल तिवारी, विशाल साहु, नरेंद्र सिंह तोमर, लाल प्रमोदनाथ शाहदेव, कामेश्वर महतो आदि शामिल थे।



## भाजपा का नया नारा- न काम करेंगे और न करने देंगे : कुमार राजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा ने मंगलवार को भाजपा द्वारा आयोजित झारखण्ड सचिवालय घेराव कार्यक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सचिवालय घेराव के नाम पर भाजपा ने जिस तरीके से गुंडागर्दी करने की कोशिश की, वह शर्मनाक है। कभी जो लोग न खाऊंगा और ना खाने दूंगा का नारा दिया करते थे, आज वही लोग न काम कर रहे हैं और न करने दे रहे हैं। उन्होंने कहा है कि 100 प्रतिशत झारखंडी युवाओं की स्थानीय नौकरियों की बात हो या 60-40 की नीति हो सभी कल्याणकारी नीतियों पर विरोध करने वाले लोग, नहीं चाहते कि झारखण्ड राज्य विकास के पथ पर दौड़े।

उन्होंने कहा है कि भाजपा के लोग 1932 के आधार पर नियोजन नीति की बात कर रहे हैं, लेकिन वहीं लोग 1932 के विरोध में हाईकोर्ट जाते हैं। यह कैसी नीति है। कुमार राजा ने कहा है कि वह दिन दूर नहीं जब भाजपा पूरे देश से ही समाप्त हो जाएगी। घेराव के दौरान बीजेपी ने संवैधानिक संस्थाओं पर हमलाकर यह साबित कर दिया कि इन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। अमृत काल के इस दौर में देश का सारा पैसा अंबानी-अडानी की जेब में चला गया है। राज्य की महागठबंधन सरकार जब केंद्र से पैसे की मांग करती है तो सीबीआई,आईटी एवं ईडी का डर दिखाकर चूप करा दिया जाता है। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान हुई पत्थरबाजी में घायल हुए पत्रकारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को भी धराशायी करने पर तूली हुई है।



## सचिवालय घेराव कार्यक्रम का आंखों देखा हाल

**11 बजकर 25 मिनट :** बीजेपी के कार्यकर्ता सचिवालय का घेराव करने के लिए प्रभात तारा मैदान में पहुंचे। कार्यक्रम में करीब एक लाख कार्यकर्ता रांची पहुंचे। प्रदर्शनकारियों को कंट्रोल करने के लिए पुलिसने भी पुख्ता इंतजाम किया था।

**11 बजकर 30 मिनट :** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, मंत्री रणधीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, सांसद बीडी राम, चतरा सांसद सुनील सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक बिरंची नारायण, सांसद संजय सेठ, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने मांदर बजाकर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी, विधायक अमर बाउरी पहुंचे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

**11 बजकर 54 मिनट :** रघुवर दास ने कहा- सरकार सभी मोर्चों पर फेल, सरकार चाहे धारा 144 लगाये या 148 भाजपा कार्यकर्ता डरने वाले नहीं। प्रभात तारा मैदान में रघुवर दास ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार सभी मोर्चो पर फेल हो चुकी है। आज राज्य की जनता भ्रष्ट एवं निकम्मी सरकार को हटाने के लिए सड़कों पर है। संघर्ष के बल पर भाजपा ने अपनी पहचान बनाई है और यह आंदोलन होकर रहेगा। वहीं, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार आम जन भावनाओं के विरोध में काम कर रही है ।

**12 बजकर 16 मिनट :** केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पहुंचे प्रभात तारा मैदान।

**एक बजकर 12 मिनट :** प्रभात तारा मैदान में अचानक बड़ी संख्या में गाजा बाजा और पार्टी का झंडा लेकर कार्यकर्ता पहुंचे। भाजपा नेताओं ने बताया कि अलग-अलग जिलों से आए रही करीब 30 बसों को पुलिस ने रोक रखा था।

**एक बजकर 12 मिनट :** रघुवर दास कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। आने वाले समय में देश से कांग्रेस का सफाया होना तय है। झारखंड की जनता परेशान हैं- महिलाओं और बच्चों के साथ अन्याय हो रहा है। हेमंत सोरेन को सत्ता से हटना पड़ेगा। रघुवर दास हेमंत सोरेन सरकार को ललकारते नजर आए।

**एक बजकर 21 मिनट :** बाबूलाल मरांडी ने कहा- झारखंड से गठबंधन की लुटेरी सरकार को उखाड़ फेंकना है। संघर्ष के बल पर दुनियां में बदलाव होते रहे हैं। इसलिए भारतीय जनता पार्टी संघर्ष के बल पर निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकेगी।

**एक बजकर 23 मिनट :** भाजपा सांसद संजय सेठ, सुनील सिंह, विधायक अमित मंडल, बिरंची नारायण सहित कई हिरासत में लिये गये।

**एक बजकर 53 मिनट :** धुर्वा गोल चक्कर के पास बैरिकेडिंग तोड़ने के प्रयास में लगे बीजेपी कार्यकर्ता, प्रशासन ने किया वाटर कैनन का उपयोग, आंसू गैस के गोले दागे गए, पत्थरबाजी में कई पत्रकार भी जख्मी हुए। दो घंटे तक धुर्वा थाना क्षेत्र रणक्षेत्र बना रहा।

**तीन बजकर चार मिनट :** लाठीचार्ज के बाद घायल कार्यकर्ताओं को एंबुलेंस से हॉस्पिटल ले जाया गया। लाठीचार्ज को लेकर रघुवर दास ने कहा कि सरकार निकम्मी है इसलिए भारतीय जनता पार्टी के रैली से डर गई है।

**तीन बजकर 22 मिनट :** भाजपा ने एलान किया- बुधवार को सभी मंडल में हेमंत सरकार का पुतला फूंका जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बुधवार को बीजेपी काला दिवस मनाएगी।

**तीन बजकर 45 मिनट :** भारतीय जनता पार्टी का सचिवालय घेराव कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां भी कार्यकर्ता जमा थे उन्हें हटाया गया और धुर्वा क्षेत्र में लगाए गए सभी बैरिकेडिंग को भी खोला गया। निरीक्षण करने के बाद रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिसमें सांसद और विधायक का नाम भी शामिल है। वहीं, घायलों को लेकर रांची के उपायुक्त ने कहा कि जो लोग घायल हुए हैं उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया है। वहीं, जिन्हें छिटपुट चोट लगी थी उनका एंबुलेंस में ही प्राथमिक उपचार किया गया।

**चार बजकर 38 मिनट :** सिटी एसपी सुधांशु जैन ने कहा कि जिन्होंने भी सरकारी संपत्ति को नष्ट करने की कोशिश की है और सरकारी पदाधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया है उन पर कानूनी रूप से कारंवाई की जाएगी। सिटी एसपी ने कहा भाजपा के कार्यकर्ताओं की तरफ से पत्थरबाजी की गई है। जिसमें कई जवानों और पत्रकारों को चोट आई है इसलिए आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## सचिवालय में कामकाज पर धरना प्रदर्शन का कुछ खास असर नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के घेराव-प्रदर्शन का असर मंगलवार को झारखंड सचिवालय में कुछ खास देखने को नहीं मिला। नेपाल हाउस स्थित सचिवालय में तो कोई असर भी नहीं पड़ा। उन्हें सचिवालय पहुंचने में कोई बाधा नहीं हुई। पुलिस-प्रशासन की मौजदूगी के चलते सचिवालय आम दिनों की तरह ही सुचारू रहा। अधिकारी-कर्मचारी भी हर दिन की भांति कार्यालय आये।

**गोल चक्कर में स्थित कार्यालयों में दिखा असर :** धुर्वा गोल चक्कर स्थित सचिवालय के संलग्न कार्यों में भाजपा के दर्शन धरना प्रदर्शन का असर दिखा। गोल चक्कर इंजीनियरिंग भवन स्थित कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थित कम रही। समाज कल्याण,उत्पाद विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, चीफ इंजीनियर ऑफिस इत्यादि में कामकाज का असर पड़ा। धुर्वा गोलचक्कर के पास पुलिस की भारी घेराबंदी थी।

## घायलों का पारस अस्पताल में हुआ उपचार

**रांची।** धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में सचिवालय घेराव करने के लिए प्रदेश के वरीय भाजपा नेताओं समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता जुटे थे। लाठीचार्ज में भाजपा के सांसद और विधायक समेत कई कार्यकर्ता घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए निकट के पारस हेल्थ अस्पताल ले जाया गया। पारस अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय कुमार, फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश सहित अन्य चिकित्सकों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सभी घायलों का मुफ्त में प्राथमिक उपचार किया। पारस अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय एवं फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश स्वयं सभी घायलों से मिलकर उनका हाल जाना। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास और स्थानीय सांसद संजय सेठ ने घायलों के इलाज में पारस अस्पताल के सहयोग की सराहना की। डॉ संजय ने कहा कि पारस अस्पताल अपनी आकस्मिक चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है और घायलों को समुचित चिकित्सा सेवा मिले इसके लिए हम सभी चिकित्सक सदैव तत्पर रहते हैं।



## मांस-मछली की 74 दुकानें हुईं शिफ्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नगर निगम की एनफोर्समेंट टीम ने लालपुर-कोकर मार्ग स्थित डिस्टिलरी पुल के पास बने वेंडर मार्केट में 74 मांस-मदली की दुकानों को मंगलवार को शिफ्ट कराया। इसके बाद पुराने स्थल में साफ-सफाई एवं समतल किया गया। वहीं खाली कराए गये स्थल पर बने विभिन्न अस्थायी संरचनाओं को भी हटाया गया। बताते चलें कि रांची नगर निगम की इन्फोर्समेंट टीम के द्वारा पिछले दिवस सभी मांस-मछली के विक्रेताओं को अपने अपने आवंटित स्थलों में शिफ्ट होने का निर्देश जारी किया था। रांची नगर निगम द्वारा सभी दुकानदारों को मार्केट में साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया गया है। यह भी कहा है कि कि भविष्य में कोई भी दुकानदार पुराने स्थान पर दुकान न लगाए अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## ₹65 करोड़ में बनेगा दुर्गा सोरेन चौक से रामपुर तक फोरलेन रोड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नामकुम स्थित दुर्गा सोरेन चौक से रामपुर तक फोरलेन सड़क बनेगा। पथ निर्माण विभाग ने इसकी स्वीकृति दे दी है। इसके निर्माण में 65 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अब पथ प्रमंडल रांची के द्वारा इसके निर्माण के लिए निविदा जारी की जायेगी। करीब आठ किमी रोड को फोरलेन किया जाना है। इस रोड के बन जाने से नामकुम दुर्गा सोरेन चौक से रामपुर तक जाने के लिए चौड़ी सड़क मिल जायेगी। यही सड़क एनएच-33 से जमशेदपुर की ओर भी निकलती है। इसके बनने से बूटी मोड़ से कांटाटोली चौक होते हुए नामकुम, दुर्गा सोरेन चौक से रामपुर तक पूरी सड़क फोरलेन हो जायेगी। बुटी मोड़ से नामकुम तक फोरलेन रोड बनाने पर काम चल रहा है।

बताते चलें कि रांची रिंग रोड के तहत एनएच-33 के विकास से रामपुर तक रांची बाइपास बन रहा है। इसके बनने से रामपुर तक जाने के लिए दो मार्ग मिल जायेंगे।

## झामुमो ने हेमलाल मुर्मू का किया स्वागत

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रवक्ता उमेश यादव ने हेमलाल मुर्मू के झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने का स्वागत किया है। श्री यादव ने कहा है कि हेमलाल मुर्मू जिस क्षेत्र से आते हैं, उस क्षेत्र की जनता के विचारधारा भाजपा की विचारधारा से मिलती नहीं है। यही कारण है कि हेमलाल मुर्मू अपनी पुरानी विचारधारा में आने का कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हेमलाल मुर्मू का कार्यों का लाभ पार्टी को मिलेगा।

## खबर एक नजर में

### रिम्स गर्ल्स हॉस्टल में आग लगी

रांची। रिम्स के गर्ल्स हॉस्टल नंबर-दो में मंगलवार को आग लग गयी। बताया गया कि हॉस्टल परिसर के पीछे ट्रांसफार्मर में काम चल रहा था। इसी दौरान शार्ट सर्किट से आग लग गई। जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि जिस वक्त हॉस्पिटल नंबर दो परिसर में आग लगी, उस वक्त मॉक ड्रिल चल रहा था। रिम्स के वरीय अधिकारी और अग्निशमन विभाग के लोग भी मॉक ड्रिल में शामिल थे।

### तारा शाहदेव प्रकरण में नहीं हो सकी सुनवाई

**रांची।** बहुचर्चित नेशनल शूटर तारा शाहदेव प्रताड़ना से जुड़े दहेज प्रताड़ना, जबरन धर्म परिवर्तन मामले में मंगलवार को सीबीआई कोर्ट में सुनवाई की तारीख सूचीबद्ध थी लेकिन बचाव पक्ष की ओर से अपने गवाहों की सूची सौंपने के लिए अदालत से एक बार फिर से समय की मांग की। इस पर अदालत ने एक सप्ताह का समय दे दिया। अब सुनवाई की अगली तारीख 18 अप्रैल निर्धारित की गई है। साथ ही, अदालत ने कहा कि गवाहों को सूची मुहैया कराने का अंतिम मौका दिया जा रहा है।

### रतन हाइट्स मामले में बहस पूरी, सुनवाई जारी

**रांची।** मोरहाबादी स्थित रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस पूरी हो गई। अब इस मामले में गुरुवार को प्रतिवादियों की ओर से बहस होगी। कोर्ट ने 46 कट्ठा पर बनाए जाने वाले जी प्लस 5 के भवन के निर्माण कार्य पर रोक जारी रखी है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि बिल्डर ने 86 कट्ठा का नक्शा रिवाइज कराए बगैर फिर से नया नक्शा पास करा लिया। 46 कट्ठा पर नया नक्शा पास कराया गया है, जो गैरकानूनी है। इससे पूर्व बीते सोमवार को सुनवाई के दौरान मेकॉन की ओर से कहा गया है कि यह रिटेनिंग वॉल असुरक्षित है और अंडर कंस्ट्रक्शन है। सुनवाई के दौरान रतन हाइट्स के निवासियों की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि यह रिटेनिंग वॉल नहीं बन रहा है, बल्कि बेसमेंट बनाया जा रहा है। बीआईटी मेसरा ने भी रिटर्निंग वॉल को सही नहीं बताया था।

### आपराधिक गिरोह से लेना देना नहीं : टीपीसी

**रांची।** टीपीसी ने आपराधिक गिरोह से सांठगांठ को लेकर अपनी सफाई दी है। दक्षिणी सब जोनल ब्यूरो जितेंद्र ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लातेहार पुलिस द्वारा दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था। जिसमें टीपीसी संगठन को अपराधियों से जोड़ा जा रहा था। संगठन का किसी आपराधिक गिरोह से कोई लेना देना नहीं है। इन दिनों टीपीसी संगठन के नाम पर ठेकेदारों और कारोबारियों को धमकाया जा रहा है। ऐसे लोगों को संगठन ने चिन्हित किया है। टीपीसी ने कहा है कि पोचरा के शमसाद अंसारी, कोकी के भीम पासवान, जान्हो मतनाग के नंदू शर्मा, और महुआडाड़ के मंजर खान का नाम उजागर किया है। संगठन किसी अपराधी संगठन को पैसा उगाही का जिम्मा नहीं देता है। विवेक जी जेल में बंद हैं, उनके नाम से पैसा मांगा जा रहा है।

सिटी की अन्य खबरें पेज 8 पर भी

## जमशेदपुर घटना की हो उच्चस्तरीय जांच: विहिप



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर जमशेदपुर घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि विगत 8, 9 एवं 10 अप्रैल को जमशेदपुर महानगर कदमा थाना क्षेत्र के जटाधारी हनुमान मंदिर में असामाजिक तत्वों के द्वारा प्रतिबंधित मांस के टुकड़ों को पॉलीथिन की पोटली बनाकर फेंका गया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव व्याप्त है। उन्होंने कहा कि झारखंड अब जिहादियों का केंद्र बन गया है। हिंदु अपने पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से नहीं मना पा रहे हैं। हमला की घटना के बाद सरकार के निर्देश पर प्रशासन ने आरोपियों को गिरफ्तार करना शुरू किया है। जिसमें हिंदू समुदाय सहित विहिप के कई निर्दोष कार्यकर्ताओं को भी जेल भेज दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में विहिप के गंगा प्रसाद यादव, देवी सिंह, रंगनाथ महतो, दीपक ठाकुर शामिल थे।

## विधि-व्यवस्था को लेकर डीजीपी से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल, रखी मांग

# एसपी के नेतृत्व में सभी जिलों में चैंबर के सहयोग से पुलिस-व्यापारी समन्वय समिति की बैठक आयोजित हो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमण्डल मंगलवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह से मिला। मौके पर प्रतिनिधिमण्डल ने राज्य की विधि व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिए कई सुझाव भी दिये। लॉ एण्ड ऑर्डर उप समिति के चेयरमेन प्रवीण लोहिया ने एसपी के नेतृत्व में सभी जिलों में चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से पुलिस-व्यापारी समन्वय समिति की बैठक आयोजित करने की बात कही। यह कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर अपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण बनाये रखने में प्रशासन को सहयोग मिलेगा।

प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को अवगत कराया कि रांची नगर निगम के इनफोर्समेंट कर्मियों द्वारा खाकी वर्दी के उपयोग से लोगों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। सह सचिव रोहित पोद्दार ने बताया कि तत्कालीन डीआईजी ने भी इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए प्रश्नचिन्ह लगाया था। उन्होंने इस मामले में अग्रतर कार्रवाई की जानकारी लेते हुए इसे तुरंत बंद करने का आग्रह किया, जिसपर डीजीपी ने उचित विचार के लिए आश्वस्त किया।



चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने गिरिडीह में प्रशिक्षित ट्रॉफिक पुलिस बल की नियुक्ति का आग्रह किया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त व्यवसायिक वाहनों की जांच थाना स्तर पर ही करके छोड़ने की बात कही गयी।

मुलकात के दौरान टाइगर मोबाइल को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर देते हुए प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यस्तर पर सभी जिलों में पुनः बड़े रूप में टाइगर मोबाइल गस्ती सेवा को चालू करने की मांग की गई। होटल संचालकों की दैनिक रिपोर्ट थाना में भौतिक रूप से जाकर जमा करने से होनेवाली परेशानियों पर भी चर्चा की गई। यह आग्रह किया गया कि संबंधित थाना द्वारा ईमेल अथवा वॉट्सएप से होटल की दैनिक रिपोर्ट लेने की व्यवस्था की जाय।

प्रतिनिधिमंडल की बात सुनने के बाद पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक रूख दिखाते हुए उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया।

प्रतिनिधिमण्डल में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, महासचिव डॉ. अभिषेक रामाधीन, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेष अग्रवाल, प्रवीण लोहिया और पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी शामिल थे।

# रमजान मुबारक

## हजरत अली शहीद जरूर हुए, लेकिन उनका किरदार आज भी जिंदा है : मौलाना तहजीबुल हसन



**रांची।** दामाद रसूल जानशीन मुस्तफा हजरत अली की शहादत की याद में मंगलवार को अंसार नगर स्थित मस्जिद–ए–जाफरिया में दूसरी मजलिस का कार्यक्रम हुआ। मजलिस को इत्तेहाद इत्तेफाक के अलंबरदार हाजी मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी, इमाम जुमा रांची ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में धर्म की नहीं, मानवता की रक्षा करें। मौला अली कहते हैं कि नफरत समाज और देश को कमजोर करता है। इसलिए चाहे कोई भी हो, उन्हें किसी धर्म से नहीं, धर्म के गलत लोगों से घृणा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम सही मायने में मोहब्बत और मानवता का पैगाम देने वाला भाईचारगी का धर्म है। इसमें आपसी मेल–मोहब्बत को एक महान पूजा समझा जाता है। मौलाना तहजीबुल हसन ने कहा कि हजरत अली के कार्य करने का तरीका कुछ अलग और खास था। उन्होंने अपने जीवन में आधी रात में निकलकर गरीब, जरूरतमंदों की सुधि ली और उनकी मदद की। गरीब, जरूरतमंदों को मदद करने में उन्होंने कभी किसी का धर्म पूछकर उसकी मदद नहीं की, बल्कि उसे एक इंसान समझकर जरूरत के अनुसार उसकी मदद की। लेकिन, एक जालिम ने कूफा की मस्जिद में सजदा करते हुए इंसानियत के मसीहा पर ऐसा जानलेवा हमला किया कि वे शहीद हो गये। अली के बाद उनके बिना दुनिया सूनी हो गयी। लेकिन, अली का किरदार आज भी जिंदा है और रहेगा। मजलिस में शहादत का जिक्र सुनकर लोग रोने लगे। सोज ख्वानी सैयद अता इमाम रिजवी ने की। पेश खानी आगा जफर, सैयद निहाल हुसैन सरियावी ने किया। नोहा ख्वानी कासिम अली ने किया। बड़ी संख्या में महिला–पुरुष व बच्चे थे। ज्यादातर लोगों ने काले रंग के कपड़े पहने हुए थे। मजलिस का आयोजन सैयद महदी इमाम व जफरुल हसन ने किया। मजलिस में सैयद जावेद हैदर, सैयद जैनुल हसन, सैयद समर अली, सैयद फराज अहमद, अशरफ हुसैन, सैयद शाहरुख रिजवी, डॉ मुबारक अब्बास, रिजवान हैदर, सैयद फराज अब्बास, अली हसन फातमी, सैयद हसनैन जैदी आदि मौजूद रहे।

## रमजान के आखिरी अशरा में इबादत के साथ शब-ए-कद्र की रात तलाश करें



रांची। रमजान के आखिरी दस दिनों में इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) साहब इबादत में इतने व्यस्त रहते थे, जितने अन्य महीनों या अन्य दिनों में नहीं होते थे। मदरसा हुसैनिया कडरू के शिक्षक कारी असजद अजहर ने रमजान के महीने के संबंध में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हदीस का अर्थ संक्षेप में, अल्लाह के रसूल रमजान के पूरे महीने का एहतमाम करते थे। रमजान के आखिरी अशरा में खूब इबादत करते हुए अल्लाह से दुआ करते, एतिकाफ करते। क्योंकि, हदीस में वर्णित है कि आपको रमजान के आखिरी अशरा में शब–ए–कद्र की रात तलाश करनी चाहिए। जब हम एतिकाफ करते हैं, जब हम एतिकाफ में बैठते हैं, तो शब–ए–कद्र आसानी से मिल जाता है। अल्लाह तआला ने पिछली उम्मतों को लंबी उम्र दी, लेकिन इस उम्मत की उम्र कम होने की वजह से अल्लाह तआला ने रमजान और शबे कद्र की रात जैसा बरकत मौका दिया, ताकि यह उम्मत ज्यादा से ज्यादा सवाब हासिल कर सके।

## नफ्स पर कंट्रोल रोजे की खास इबादत : सोहैल अहमद



**रांची।** रमजान का पाक महीना प्रत्येक मुसलमान अर्थात ईमानवालों के लिए खास महीना है। रमजान के इस महीने में मुसलमान रोजा रखने के साथ–साथ पूरे तरीके से इबादत करते है। रोजा के दिनों में रोजेदार सुबह सेहरी में ही दूध, फल, पानी या खाद्य पदार्थ ग्रहण करता है। चर्च रोड निवासी सोहैल अहमद उर्फ बबलू पेंट्स ने खबर मन्त्र को रमजान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि रोजदार की इबादत सुबह फजीर की अजां से कवल सेहरी, शाम में अफतारी और नमाज अदा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ और भी कई खास परहेज का खास ध्यान रखा जाता है, जो रोजे की इबादत का ही हिस्सा होता है। रोजे की अवधि में प्रत्येक मुसलमान की कोशिश होती है कि वह सही मायने में आंखों का रोजा, जुबान का रोजा, मुंह का रोजा, कान का रोजा का खास ख्याल रखते हुए अपने नफ्स अर्थात इंद्रियों पर काबू रखते है। दूसरे शब्दों में कहें, तो रमजान के दौरान रोजा रखने वाले रोजदारों का यह फर्ज है कि न तो खराब बोलें, न देखें, न करें। अर्थात रोजा रमजान में प्रत्येक मुसलमान के लिए अल्लाह पाक का यह हुक्म है कि आप ऐसा कोई भी काम न करें, जिससे किसी दूसरे को किसी तरह की असुविधा हो सके। साथ ही, रोजा रमजान के दिनों में अपनी सलाहियत के अनुसार अपने मुहल्ले, पड़ोस या आसपास के बच्चे, युवा व बुजुर्गों के साथ सप्रेम पेश आयें। अपने पास अतिरिक्त भोजन, वस्त्र व धन है, तो उसे जरूरतमंद व असहाय के बीच साझा करें। खुलकर जरूरतमंदों को दान दें। दान देने व मदद करने में यह ख्याल रखें कि अपने परिवार के करीबी रिश्ते में कोई ऐसा तो नहीं, जिसे मदद की जरूरत है। यदि ऐसा है, तो यथाशीघ्र उसकी सुधि लें। घर में अपने बुजुर्ग माता–पिता की सेवा में कोई कसर न छोड़ें। दुखियों व जीवन से हताश लोगों के साथ समय दें, उनकी काउंसिलिंग करें।

# झारखंड में सामाजिक व राजनीतिक चेतना जागृत कर एक नयी क्रांति की नींव रखने का वक्त : सुदेश

## संताल हूल क्रांति के महानायक सिदो-कान्हू को दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** अंग्रेजों के आधुनिक हथियारों को अपने तीर-धनुष के आगे झुकने पर मजबूर कर देने वाले महान क्रांतिकारी एवं हूल क्रांति के महानायक अमर शहीद सिदो-कान्हू सहित अगणित वीर सपूतों के अविस्मरणीय बलिदान की बदौलत ही आज हम आजाद भारत में सांस ले रहें। ये बातें झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हातमा, रांची स्थित सिदो-कान्हू पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही।

श्री महतो ने कहा कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि प्रदेश के मजदूर, किसान, नौजवान तथा वंचित वर्ग को हक दिलाकर ही दी जा सकती है। लेकिन आलम तो ये है कि आज अपने ही राज्य में झारखंडी अपना अस्तित्व, अपनी पहचान की तलाश में हैं। सरकार के कार्यों से ऐसा लग रहा कि स्वतंत्रता सेनानियों, आंदोलनकारियों के सम्मान के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं। आज परिस्थितियां विपरीत हैं। यह समय एकजुट होकर झारखंड एवं झारखंडियत के संरक्षण के लिए सामाजिक एवं राजनीतिक चेतना जागृत कर एक नई क्रांति की नींव रखने का वक्त है।मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि सिपाही विद्रोह के वर्षों पूर्व झारखंड के वीर सपूतों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका। संताल हूल के दौरान वीर शहीद सिदो-कान्हू के नेतृत्व में हजारों क्रांतिकारियों ने अपनी शहादत दी। लेकिन इतिहास के पन्नों में झारखंड के वीर शहीदों को वो जगह, वो सम्मान नहीं मिला।

### आजसू का न्याय मार्च कल

**डॉ. भगत** ने जिलास्तरीय न्याय मार्च को लेकर कहा कि 13 अप्रैल को राज्य के सभी 24 जिलों में आजसू पार्टी के हजारों नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारी सात सूत्री मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय की ओर कूच करेंगे तथा झारखंड विरोधी सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेंगे। कहा कि न्याय मार्च की व्यापक तैयारियां की गई है। रांची में होने वाले न्याय मार्च को लेकर डॉ. भगत ने कहा कि रांची जिला के हजारों कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से समाहरणालय की ओर मार्च करेंगे तथा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे।

7वीं से 10वीं जेपीएससी परीक्षा

## छह याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगा हाइकोर्ट

**रांची।** सातवीं जेपीएससी के अभ्यर्थी सूरज कुमार रजक की रिट याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने सातवीं से लेकर दसवीं जेपीएससी परीक्षा को लेकर दायर सभी याचिकाओं को एक साथ सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। हाइकोर्ट के न्यायधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत ने जेपीएससी से जुड़ी अलग-अलग 6 रिट याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 12 अप्रैल यानी बुधवार की तिथि निर्धारित की है। प्रार्थी सूरज कुमार रजक की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन ने हाइकोर्ट में पक्ष रखा। वहीं जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा। प्रार्थियों ने अपनी याचिका में कहा है कि उन्हें अपनी केटेगरी में कट ऑफ से ज्यादा अंक मिले हैं। लेकिन जेपीएससी ने उनके जाति प्रमाण पत्र को यह कहकर रद्द कर दिया है कि जाति प्रमाण पत्र विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप नहीं था। इस वजह से कई अभ्यर्थियों का चयन नहीं हुआ।

## रांची विवि में जीरो अटेंडेंस वाले विद्यार्थियों को मिली फॉर्म भरने कि अनुमति

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्यूनिकेशन के जीरो उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दे दी गई है। पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों का जीरो अटेंडेंस के कारण परीक्षा फॉर्म भरने से रोक दिया गया था। परंतु विद्यार्थियों के आग्रह के बाद विभाग के निदेशक ने मंगलवार को फॉर्म भरने का निर्देश दे दिया है। इसके लिए लिए परीक्षा से पहले 10 दिन क्लास करवाया जाएगा। इसके लिए शपथपत्र लिया गया है। फॉर्म भरने से लगभग 13 विद्यार्थियों को लाभ मिला है। स्कूल ऑफ मास कम्यूनिकेशन के निदेशक डॉ. बीपी सिन्हा ने कहा कि जिनका जीरो अटेंडेंस है, उसको परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दे दी गयी है।

## उपभोक्ताओं को गर्मी में दें निर्बाध बिजली : जीएम

### बैठक में कहा- बिना कार्यपालक अभियंता की अनुमति के न लें शटडाउन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिजली विभाग के पीके श्रीवास्तव ने मंगलवार को गर्मी को देखते हुए बिजली आपूर्ति दुरूस्त रखने को लेकर इंजीनियरों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बिजली आपूर्ति निर्बाध रखने के लिए कई तरह के दिशा-निर्देश जारी किये। उन्होंने आम जनता से बिजली संबंधित शिकायत दर्ज कराने को लेकर वाट्सअप नंबर भी जारी किया है। आम कंज्यूमर वाट्स नंबर 94311-35682 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायतों का त्वरित गति से निबटारे का दावा जीएम ने किया है।

गर्मी को लेकर जो दिये दिशा-निर्देश : शट डाउन कार्यपालक अभियंता के अनुमति के बाद ही लिया जाये। मेटेनेंनस कार्य सुबह 10 बजे से 10.15 बजे तक और रात्रि में 10 बजे से 10.15 तक ही लिया जाएगा। इसके अलावे किसी भी विपरित परिस्थिति में कार्य के लिए शट डाउन के लिए कार्यपालक अभियंता अधिकृत होंगे। सहायक एवं कनीय अभियंता पीक ऑवर अवधि में शाम 7 बजे से 10 रात्रि दस बजे तक अपने-अपने क्षेत्र के विद्युत सबस्टेशन में मौजूद रहेंगे। प्रत्येक सबस्टेशन में रात्रि के समय मेटेनेंस के लिए गैंग मौजूद रहेंगे. ताकि रात में होने वाले फॉल्ट को रात्रि में दुरूस्त किया जा सके। शहरी क्षेत्र में जलने वाले ट्रांसफारमर को 6 से 8 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों मं जलने वाले ट्रांसफारमरों को 24-72 घंटे के अंदर बदलने की कारवाई की जाए। सभी 33 एवं 11 केवी पेट्रोलिंग करा लिए जायें, अगर किसी भी स्थानों पर पेड़ की टहनियों के तारों से सटने की संभावना हो तो उसे प्राथमिकता के आधार पर छंटायी की जाए।

राज्य सरकार के ओटीएस स्कीम को लाभ पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार वृहद तरीके से किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका फायदा मिल सके। इसके लिए कार्यपालक, सहायक एवं कनीय अभियंता कार्यालय में जाकर आवेदन दे सकते हैं।

## मेधा ने किसानों से खरीदे जाने वाले दूध की कीमत बढ़ायी

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** झारखंड दुग्ध महासंघ (मेधा) ने डेयरी किसानों के दुग्ध उत्पादन में आ रही चुनौतियों, जैसे हरे चारे की किल्लत, पशु आहार की बढ़ती कीमत तथा लंपी बीमारी से हुए नुकसान आदि को ध्यान में रखते हुए 11 अप्रैल 2023 से किसानों से खरीदे जाने वाले गुणवत्तायुक्त दूध की कीमतों में एक रुपये से लेकर 3.50 रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि की है। मेधा के इस निर्णय का झारखंड के दुग्ध उत्पादकों नें स्वागत किया है।

राज्य में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए झारखंड दुग्ध महासंघ (जेएमएफ) से जुड़े राज्य के दुग्ध उत्पादकों को झारखंड सरकार द्वारा प्रोत्साहन मूल्य अलग से दिया जाता है। वर्ष 2023-24 के बजट में झारखंड सरकार ने जेएमएफ से जुड़े झारखंड के किसानों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि दो रुपये प्रति लीटर से बढ़ा कर तीन रुपये प्रति लीटर किये जाने की घोषणा की है। सरकार के इस कदम से झारखंड के पशुपालकों को न केवल राहत मिलेगी, बल्कि राज्य की बढ़ती हुई दूध की मांग को पूरा करने के लिए दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए उनका उत्साह भी बढ़ेगा।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में मेधा डेयरी ने दुग्ध उत्पादकों से प्रतिदिन करीब-करीब 1.50 लाख लीटर दूध की खरीदारी की और उसका मूल्य लगभग 200 करोड़ रुपये का भुगतान सीधा उनके बैंक खातों में किया।

## खबर एक नजर में

### मिथिला महोत्सव का हकार देने निकला विद्यापति रथ



**रांची।** झारखंड मिथिला मंच के तत्वावधान में आयोजित ती दिवसीय मिथिला महोत्सव का विराट सांस्कृतिक महाकुंभ में निमंत्रण एवं हकार देने के लिए मंगलवार को हरमू मैदान से तीन विद्यापति रथ को रवाना किया गया। इसको मंच के जानकी प्रकोष्ठ के स्वयंसेविकाओं द्वारा नारियल फोड़ एवं झंडा दिखाकर रवाना किया गया। मंच के अध्यक्ष मनोज मिश्र ने बताया कि तीनों रथ रांची में विभिन्न क्षेत्र के मुहल्लों में बसे मैथिली भाषा भाषी को हकार देकर आमंत्रित करने के लिए रवाना हुई। इस वर्ष मिथिला महोत्सव मे मिथिला की परंपरा संस्कृति और संस्कार का अद्भुत छटा देखने को मिलेगी। महोत्सव को विशेष बनाने के लिए प्रवासी मैथिली भाषा भाषी के बीच अपनी संस्कृति को पारंपरिक गीत संगीत नृत्य नाटक हास परिहास कविता पाठ मिथिला के इतिहास और वहां की परंपरा से सराबोर होगा।

### अरुण चावला झारखंड से राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ के प्रवक्ता व पीआरओ मनोनीत



**रांची।** राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष नरेश सेठ ने अरुण चावला को जोन 5, झारखंड से महासंघ का प्रवक्ता एवं जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मनोनीत किया है। महासंघ के अंतर्गत 13 जोन हैं, जिसमें देशभर की तमाम पंजाबी संस्थाएं सम्मिलित हैं। इसके सदस्यों की संख्या 2.5 लाख है। पंजाबी हिंदू बिरादरी, झारखंड के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अरुण चावला को लगातार तीसरी बार ये जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

### ज्रेडा का रिटेलर ट्रेनिंग प्रोग्राम बीएनआर चाणक्य में आज

**रांची।** झारखंड अक्षय उर्जा विकास एजेंसी (ज्रेडा ) के द्वारा बुधवार (12 अप्रैल) को स्टेशन रोड स्थित होटल बीएनआर चाणक्य में दिन के 11 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रिटेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्रेडा के निदेशक के.के वर्मा, ज्रेडा के परियोजना निदेशक बीके सिन्हा और ज्रेडा के एसडीए प्रभआरी अखिलेश गौतम होंगे। यह जानकारी अभिनव पांडे ने दी।

### इमा के रेंसी सुनील किस्पोट्टा को शिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल इंडियन ने प्रशिक्षक व राज्य प्रतिनिधि नियुक्त किया



**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ कराटे प्रशिक्षक एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा को कराटे की विश्व विख्यात शैली शिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल इंडियन ने झारखंड राज्य का प्रशिक्षक सह राज्य प्रतिनिधि नियुक्त किया है। यह सम्मान उन्हें शिकोकई के दिल्ली स्थित मुख्यालय में शिकोकई के भारत प्रमुख हांशी भरत शर्मा एवं कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष सह शिकोकई के उपाध्यक्ष सिहान विजय कांत तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया।कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष सिहान विजय कांत तिवारी ने सुनील किस्पोट्टा को बधाई देते हुए कहा कि सुनील किस्पोप्ता के मार्गदर्शन में झारखंड राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह से परचम लहरा रहे हैं यह गर्व की बात है।इनके प्रयास से झारखंड के खिलाड़ियों को अच्छा अवसर प्राप्त हो रहा है।

### बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायेंगे धूमधाम से : राजू नायक



**रांची।** आजसू पार्टी के रांची जिला सचिव राजू नायक ने बताया कि पार्टी के निर्देश पर खिजरी विधानसभा क्षेत्र के टाटीसिलवे में इस साल भी बाबा साहेब भीम राव अंबडकर की जयंती धूमधाम से मनायी जायेगी। नायक ने अपने पार्टी के केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारी, जिला कमेटी के पदाधिकारी, प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी, महिला समिति एवं पार्टी के सभी इकाई से जयंती समारोह में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले कुप्रथाओं से समाज को मुक्त करवाना चाहते थे : भोक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के माननीय मंत्री सत्यानन्द भोक्ता माली मालाकार कल्याण समिति रांची के द्वारा पाही बैंक्वेट हॉल, मोरहाबादी में महात्मा ज्योतिबा फुले के 196वीं जयंती समारोह सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। भोक्ता ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर और महात्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विधिवत शुभारंभ किया। समारोह आयोजक समिति प्रदेश अध्यक्ष राजेश भगत एवं जिला अध्यक्ष सुरेश मालाकार ने भोक्ता को पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया।

मौके पर भोक्ता ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले समाज की कुप्रथाओं, अंधविश्वास के जाल से समाज को मुक्त करवाना चाहते थे। अपना सम्पूर्ण जीवन उन्होंने स्त्रियों को शिक्षा प्रदान कराने में, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने व्यतीत कर दिया। उन्होंने स्त्री पुरुष को भेदभाव से बचाने का व्यापक अभियान चलाया। उन्होंने समाज में अज्ञानता, गरीबी और जातिगत भेदभाव को देखकर सामाजिक स्थिति को सुधारने का प्रयास किया। उन्होंने ने ही लड़कियों के लिए पहला विद्यालय खोला और शिक्षक की जिम्मेदारी सावित्रीबाई को सौंपी। उक्त कार्यक्रम के दौरान माली मालाकार कल्याण समिति के जिला सचिव सुजीत मालाकार, जिला उपाध्यक्ष मनोज मालाकार, कोषाध्यक्ष दीपक मालाकार, सह कोषाध्यक्ष लल्लू मालाकार, जिला महामंत्री सत्य प्रकाश सुमन, मनीष श्रीमाली, अखिलेश भगत , संरक्षक जलेश्वर माली एवं गण्यमान्यों के अलावे माली मालाकार समाज के सैकड़ों महिला ,पुरुष एवं बच्चे मौजूद थे।

### महात्मा फुले महान शिक्षाविद् थे : कैलाश यादव



**रांची।** झारखंड ओबीसी आरक्षण (ओबीसी) मंच के तत्वावधान में मंगलवार को धुर्वा नर्सरी पार्क में महात्मा ज्योतिराव फूले की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए ओबीसी मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने ज्योतिबा फूले के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दिया। कहा कि ज्योतिबा फूले महान शिक्षाविद् उच्च कोटि के शिक्षक, सत्यशोधक समाज के संस्थापक,जाति विरोधी विचारधारा और सभी समाज के लोगो को साक्षर बनाने के लिए उत्प्रेरक का कार्य करने वाले बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने आगे बताया कि महात्मा ज्योतिराव फूले ने कहा था नाई का बाल काटना धर्म नहीं धंधा है। चमड़े का सिलाई करना मोची का धर्म नही धंधा है और इसी तरह पूजा पाठ करना और करवाना ब्राशणों का धर्म नहीं धंधा है। ओबीसी आरक्षण मंच 14 अप्रैल समय 4 बजे धुर्वा बौद्ध मंदिर प्रांगण में अंबेडकर जयंती मनाएगी। झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच के सचिव अमरनामथ राम ने यह जानकारी दी। कार्यक्रम में नरेश पंडित,संत कुमार,बिरेंद्र गौतम,उमेश राय,श्रीकांत रवि,मृत्युंजय कुमार,सुनील रजक, मैनेजर राय,अमरनाथ,सतीश चन्द्र प्रसाद,बिरजू राम,रमाशंकर यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# क्लाउड टेक्नोलॉजी प्रोग्राम को पीडब्ल्यूसी-बीआइटी मेसरा में समझौता

## एमओयू के बाद पीडब्ल्यूसी प्रतिनिधियों ने बीआइटी के विस्तारित केंद्रों में आयोजित की कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** क्लाउड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए मंगलवार को पीडब्लूसी और बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआइटी) मेसरा के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आज की वैश्वीकृत दुनिया में, सीमाओं और क्षेत्रों में साझेदारी, सहयोग और संयुक्त पहल की सुविधा के लिए समझौता ज्ञापन तेजी से महत्वपूर्ण हो गए हैं। वे साझा उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक स्पष्ट और संक्षिप्त रोडमैप प्रदान करते हैं। साथ ही पार्टियों को अपनी संबंधित स्वतंत्रता और स्वायत्तता बनाए रखने की अनुमति भी देते हैं। मेहमानों में पीडब्ल्यूसी के प्रतिनिधि शामिल थे।

अंजुमारा सैयद (पार्टनर और सेल्सफोर्स टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग हेड), जॉयदीप रॉय (एमडी और हेड टैलेंट सप्लाई चेन), शोवन दास, (एसोसिएट डायरेक्टर, सेल्सफोर्स टेक्नोलॉजी), शीतल कुलकर्णी, (कैंपस हायरिंग, एंगेजमेंट का नेतृत्व) और सेल्सफोर्स के उदय, जो एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद छात्रों के लिए कार्यशाला आयोजित करने के लिए वर्चुअली शामिल हुए।

एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद पीडब्ल्यूसी प्रतिनिधियों द्वारा बीटेक और एमटेक (सीएसई और आईटी) के छात्रों के लिए बीआइटी विस्तारित केंद्रों के सभी परिसरों में कार्यशाला आयोजित की गई, जहां छात्रों ने सीटीडीपी प्रक्रिया को सीखने और तलाशने के लिए इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गहरी रुचि दिखाई। इसके साथ ही दोनों पक्षों के लिए सब कुछ हासिल करने के लिए संभावित संभावनाओं से भरे एक फलदायी नोट पर दिन समाप्त हो गया।

# श्री श्याम मंदिर में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 45वां श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का पाठ भव्य रूप से संपन्न हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, चना, गुड़, फल का प्रसाद अर्पित किया। नारनौली ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकों का चंदन-वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया।

पाठ वाचक मनीष सारस्वत व ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ साज-बाज के धुन के बीच श्री गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव के साथ पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंग बली सालासर वाले की जय जयकारों से श्री श्याम मंदिर गूंजता रहा। भक्तजन भावविभोर होकर हनुमान जी की ज्योति में आहुति देकर अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। श्री सुंदरकांड पाठ के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महाआरती की गयी व भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा शनिवार (15 अप्रैल) को सायं 5:00 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

# गिरता स्तर

सवाल चुनावी सभाओं में अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने का नहीं है। जनतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह की जायज कोशिश करना कतई गलत नहीं है, पर इस कोशिश में शिष्टाचार और व्यवहार की सीमाओं का अतिक्रमण किसी भी दृष्टि से सही नहीं ठहराया जा सकता। दुर्भाग्य से, हमारे नेता, चाहे वे किसी भी रंग के झंडे वाले हों, अक्सर यह अतिक्रमण करते दिखते हैं। यह प्रवृत्ति चुनावी सभाओं में और ज्यादा उभर कर सामने आती है। पिछले चुनावों में देश में कई जगह इस तरह के शब्द और वाक्य काम में लिये जाते रहे हैं। आज भी हमारे नेता एक-दूसरे पर बेबुनियाद आरोपों की झड़ी लगाते दिखते हैं। हमारे मंत्रियों तक को यह याद नहीं रहता कि सदन में किसी को झूठा कहना भी असंसदीय शब्द माना गया है! वहां भी यह अपेक्षा की जाती है कि माननीय सदस्य किसी को झूठा कहने के बजाय यह कहे कि आप सच नहीं बोल रहे। सच न बोलने और झूठ बोलने में भले ही कोई अंतर न होता हो, पर शब्दों की मयार्दा और शालीनता तो साफ दिखती है। यह मयार्दा सड़क पर भी निभायी जानी चाहिए। जब कोई नेता विशाल जनसभा में लटके ले-लेकर बोलता है तो तालियां जरूर बजती हैं, पर शब्दों की मयार्दा का उल्लंघन कोई अच्छा उदाहरण प्रस्तुत नहीं करता। जनतांत्रिक मूल्यों का तकाजा है कि हमारे नेता स्वस्थ उदाहरण प्रस्तुत करें। किसी को पप्पू या मंदबुद्धि कहना उसे छोटा नहीं बनाता, उल्टे कहने वाला स्वयं अपनी गरिमा खो रहा होता है। दूसरी ओर किसी भी नेता द्वारा देश के पीएम को कायर कहना भी लोकतंत्र के लिये बेहतर संकेत नहीं है। राजनीति और नेता देश के लिए महत्वपूर्ण है और हमें इसके सम्मान में कमी आने नहीं देना चाहिए। लोकतंत्र चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है। एक देश उसके विरासत और वर्तमान के सकरात्मक माहौल से बनता है।

# भाजपा का घेराव

राज्य की राजनीति में सक्रियता का दौर आंरभ हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने सचिवालय घेराव के माध्यम से एक राजनैतिक माहौल बनाने का प्रयास आंरभ कर दिया है जो केन्द्र और राज्य के चुनाव को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। सामान्य तौर पर राजनैतिक दल विधानसभा, मुख्यमंत्री आवास, राज्यपाल भवन के समक्ष ही घरना, प्रदर्शन करते रहें हैं। लेकिन राज्य में भाजपा ने एक शक्ति प्रदर्शन किया जिसकी दिशा सचिवालय की ओर थी। सचिवालय विधायिका का मुख्य कार्यालय न होकर कार्यपालिका का केन्द्र है। खैर यह सोच भाजपा के राज्य स्तर पर या केन्द्र स्तर पर ली गयी तो इसका आशय समझना कठिन है। वैसे भी भारतीय जनता पार्टी विशेषकर झारखंड में जिस प्रकार विधानसभा का चुनाव हारकर सत्ता से बाहर हुई है और उनके मुख्यमंत्री को हार का मुंह देखना पड़ा है उससे यह संकेत साफ है कि पार्टी में कार्यकत्ता की ताकत और सुनवाई लगातार कम हो रही है। बड़ें-बड़ें अधिकारी, दूसरे दल से आये नेता और हाई कमान की पंसद के आगे कार्यकत्ताओं की कोई बिसात नहीं है। भाजपा जिस प्रकार मुख्यमंत्री सोरेन पर व्यक्तिगत हमले कर रही है उससे भाजपा को नुकसान होना तय है। लोकतांत्रिक मूल्यों वाले देश में अगर भाजपा को मोदी पर हुए व्यक्तिगत हमले से आम लोगों के सहानुभूति का लाभ मिल जाता है तो यह बात झारखंड राज्य में सीएम हेमंत सोरेन पर भी लागू होती है। विरोध लोकतांत्रिक व्यवस्था की जान है लेकिन जब उसकी दिशा गलत हो तो परिणाम सही नहीं होगा यह तय है। हेमंत सरकार ने अपने कार्यकाल में राजनैतिक परिपक्वता और ताकत को साबित कर दिया है। आने वाले समय में अगर मुख्य विपक्षी दल इस प्रकार व्यक्तिगत विरोध पर उतरी और जन समस्या को सामने नहीं रखा तो सिर्फ गठबंधनों से चुनाव नहीं जीते जा सकेंगे।

# जिनके सानिध्य में जानने को कुछ शेष न बचे

**स्वामी सत्यानंदजी** परमहंस बताते हैं कि स्वामी शिवधर्मानंद जी ऐसे सदगुरु,संत, ज्ञानी, परब्रम्ह थे जिनके सानिध्य में जानने के लिये कुछ शेष नहीं रह जाता था।

भारत पुण्य भूमि पर संतो की परम्परा रही है। इसी परम्परा में एक ऐसे तत्व ज्ञानी महापुरुष आये जिनके बारे में कुछ भी कहा जाए या कुछ भी लिखा जाए वह कम होगा। ज्ञान मार्तण्ड करुणा सागर पूर्ण संत श्री श्री 1008 श्री स्वामी शिवधर्मानंद जी महाराज परमहंस जी 1907 में धरा पर आये। 20 मार्च 1999 को ब्रह्मलीन होने तक वे भक्ति के प्रचार और समाज के कल्याण के लिये क्षण भर रुके बिना काम करते रहे।

**आरंभिक जीवन**

काशी के चन्दौली जनपद में मुख्यालय से लगभग 6 किमी दूर खुरुहुंजा नाम का गांव है। गांव में भक्ति के साथ साथ शक्ति को लेकर लोगों में सजगता है। ब्रत त्योहार के साथ इस गांव के युवा कुश्ती का शौक भी रखते थे। इसी गांव में पंडित रामउग्रह तिवारी उर्फ बड़का तिवारी और धर्मपत्नी मोरवंशी देवी के परिवार में बसंत पंचमी के दिन इनका जन्म हुआ। इनका नामाकरण देवशंकर हुआ। आरंभिक जीवन में इन्हें नारायण बनिया के परिवार ने भी जो निसंतान ने अपना पुत्र मानकर प्रेम किया। मां मोरवंशी ने कहा कि मैं चाहती हूं कि देवशंकर पूरी दुनिया के अपने हो। खुरुहुंआ में एक कहावत प्रचलित थी ***मर्द खुरुहुंजा पंजा तोड़***। हनुमान जी बल पौरूष बाला यह गांव पूर्ण धार्मिक वातावरण वाला था। गांव के प्राथमिक विद्यालय में अध्ययन के क्रम में आपकी वृद्धि अति कुशाग्र थी। बचपन में ही ये जिज्ञासु थे और सवाल करते की भगवान कौन हैं? कहां रहते हैं? हम कौन हैं? पूछने पर बताया जाता - भगवान खोजी होने पर मिल जाते हैं। तप तपस्या भजन ध्यान करने पर प्रगट हो जाते हैं। मन में विचार उठता पृथ्वी पर राम- कृष्ण तो कभी धरती पर मौजूद थे और उस जमाने के लोगों को उनका सानिध्य प्राप्त था। बालक देवशंकर का मन दृढ़ हो चला- मुझे भी साक्षात शरीर वाले भगवान चाहिए, मूर्ति या चित्र वाले नहीं। उन्हें किशोरावस्था में एक परम धार्मिक व्यक्ति बैकुंठनाथ सिंह ने बताया कि ब्रह्म ज्ञान होने पर ईश्वर को जान लिया जाता है। सिंह जी सवा लाख राम नाम जपने के बाद ही भोजन ग्रहण करते थे। उन्होंने बताया कि इसके लिये समर्थ गुरु की आवश्यकता होती है। बैंकुठनाथ सिंह जी जो खुरुहुंजा गांव ही थे जो बाद में गढ़वा घाट काशी से स्वामी जी बने।





\- मुरलीधर

> भक्ति मार्ग के संस्थापक परमहंस दयाल स्वामी अद्वैतानंद जी महाराज ने जिस पंथ का आगे बढ़ाया था वह चार स्तरीय था। गुरु रहेंगे जिनकी पूजा होगी। ये ब्रह्म स्वरूप रहेंगे। ज्ञानदाता उनकी संज्ञा रहेगी और जो कोई भी हो वह मन, वाणी और कर्म से उनका वरण करेंगे। गुरु भक्ति का अर्थ अपने को गुरु में तल्लीन कर देना। दूसरे पैदान पर महात्मा लोग होंगे। ये महात्मा लोग गेरूआ वस्त्र पहनेंगे।

**सन्यास**

1930 में देवशंकर तिवारी की उम्र 23 वर्ष की थी। गढ़वा घाट आश्रम काशी का निमार्ण कार्य चल रहा था। उन्होंने भी भकड़ेंवाले कुटी पहुंचकर सन्यासी बन गये और योग पट दिया गया शिवधर्मानंद। 1935 में सदगुरु स्वरूपानंद महाराज नांगली चले गये। गुरुवाणी हुई अब मेरे यहां आने की आवश्यकता नहीं है। अब गढ़वा घाट काशी के महात्मा ही आपके गुरु होंगे। गुरुग्रंथ साहब में लिखा है। वाणी गुरु है गुरु है वाणी बीच वाणी अमृतसार है। गुरुवाणी कहे सेवक जान माने प्रतीत गुरु निस्तार।

गढ़वा घाट आश्रम काशी का निमार्ण शीरकरहिया गांव में गंगा किनारे चल रहा था। महात्मा शिवधर्मानंद, महात्मा हरशंकरानंद,महात्मा हरसेवा नंद मुख्य महात्मा थे। स्वामी शिवधर्मानंद जी साइकिल से घूमते और सत्संग करते थे। इन्होंने शंका समाधान केन्द्र का एक बोर्ड लगा दिया था जिसकी चर्चा चारो ओर थी। बक्सर के समीप सिमरी प्रखंड में स्थित छोटका राजपुर गांव के लोग गढ़वा घाट आश्रम के शिष्य थे। उनके आग्रह पर स्वामी जी को पालकी से लाया गया। कुछ समय बाद राजपुर में आश्रम निमार्ण की मांग रखी गयी।

यह यूपी के बलिया और बिहार के बक्सर का इलाका था जहां काफी विवाद होता था। इसका निदान के लिये नेहरू जी ने त्रिवेदी आयोग बनाया। एसएम त्रिवेदी मद्रास हाई कोर्ट के सेवा निवृत जज थे उन्होंने पिलर से इसे निर्धारित किया।

स्वामी जी ने गांव के लोगों द्वारा प्रदत भूमि पर आश्रम बनाया। भक्ति का प्रचार आंरभ हो गया। वे आश्रम के हर कार्य में पूरे मन से लोगों को जोड़ते। राजपुर दरबार की भक्ति यात्रा का धीरे घीरे विस्तार हो गया। पाकुड़ से लेकर लखनऊ तक स्वामी जी का दौरा होता। घीरे-धीरे व्यवस्था अनुकूल हो रही थी स्वामी जी श्वेत वस्त्र में आ गये। भक्ति मार्ग के संस्थापक परमहंस दयाल स्वामी अद्धेतानंद जी महाराज ने जिस पंथ का आगे बढ़ाया था वह चार स्तरीय था। गुरु रहेंगे जिनकी पूजा होगी। ये ब्रह्म स्वरूप रहेंगे। ज्ञानदाता उनकी संज्ञा रहेगी और जो कोई भी हो वह मन, वाणी और कर्म से उनका वरण करेंगे। गुरु भक्ति का अर्थ अपने को गुरु में तल्लीन कर देना। दूसरे पैदान पर महात्मा लोग होंगे। ये महात्मा लोग गेरूआ वस्त्र पहनेंगे। एक ही रंग में होगा जो दर्शाता है कि मेरा प्रेम गुरु में ही है। तीसरा स्तर त्यागी भक्तों का होता हैजो गृह त्याग कर चुके होते हैं और सन्यासी महात्मा बनने की दिशा में अग्रसर होते हैं। चौथी स्तर पर गृहस्थी भक्तों का होता है जो समय -समय पर आश्रम जाते रहते हैं।

साल में गुरु पूर्णिमा, दिवाली, होली सहित प्रमुख अवसरों पर जो भी महात्मा बनना चाहता है उसकी अर्जी अगर वर्तमान स्वामी जी स्वीकार कर लेते हैं तो उन्हें भेष दिया जाता है, महात्मा बनाया जाता है। यह सनातन पद्धति की सर्वोच्च परम्परा है जो आज भी ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम में सुशाभित है। वर्तमान स्वामी सत्यानंदजी परमहंस बताते हैं कि उन्होंने सात दशक तक भक्ति के प्रसार के लिये जिन विपरीत स्थितियों में कार्य किया वैसा उदाहरण विरले मिलता है।

वर्तमान में ब्रह्म विद्यालय आश्रम झारखंड में रांची, बोकारो, पाकुड़,जमशेदपुर और गढ़वा में स्थित है। लगभग सौ आश्रम दिल्ली, इलाहाबाद, पटना, पूणे, अहमदाबाद, भोपाल, बनारस, कोलकाता, आसानसोल, बंगलूरू, जयपुर और नेपाल के काठमांडू में स्थित है। वर्तमान स्वामी सत्यानंदजी परमहंस समयानुसार हर आश्रम में जाकर भक्तों के साथ सतसंग करते हैं। 15 सितंबर तक वे रांची बसारगढ़ आश्रम में प्रवास कर रहें है जहां रामनवमी के अगले दिन हर वर्ष पधार कर धरा को धन्य करते हैं।

## खास बात

# पशुपालन लाभदायक बने

**कुलभूषण उपमन्यु**

**भारत** में गाय और भैंस की कुल संख्या करीब 30 करोड़ है। 12 किलोग्राम प्रति पशु की दर से प्रतिदिन 360 करोड़ किलोग्राम गोबर पैदा होता है। एक किलोग्राम बायो गैस बनाने के लिए 20 किलोग्राम गोबर चाहिए। इसका अर्थ हुआ 18 करोड़ किलोग्राम गैस प्रति दिन। इसे सिलेंडर में भरें तो एक करोड़ बीस लाख सिलेंडर रोज की क्षमता देश में है। यदि इस संसाधन को पूरी तरह से प्रयोग करने की क्षमता हासिल कर ली जाए तो देश की 50 फीसद ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। इसके लिए सारी तकनीक तो उपलब्ध ही है। केवल दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ जुट जाने की बात है। गोबर गैस बनाने के दोहरे फायदे हैं। एक तो ऊर्जा पैदा होगी, जो हमारी खनिज तेल पर निर्भरता को कम करेगी। दूसरा बढ़िया खाद भी प्राप्त होगी, किसान को नकद लाभ होगा और खनिज तेल का उपयोग कम होने से वायु प्रदूषण भी कम होगा। इतने बड़े संसाधन के होते हुए इसकी अनदेखी करना ठीक नहीं। इस संसाधन के दोहन से कितने ही रोजगार भी पैदा होंगे। इसी तरह गोमूत्र का दवाई के लिए उपयोग करके भी किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है।

आजकल गोबर से अन्य कई तरह के उत्पाद बनाने का भी चलन तेज हुआ है। गोबर से कागज बनाया जा रहा है। जो अच्छी गुणवत्ता का है और कागज बनाने की प्रक्रिया के बाद बचे अवशेषों से खाद बनाई जा सकती है। इससे भी पेड़ बिना काटे कागज उत्पादन करके पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है। गोबर से थोड़ी मिट्टी मिलाकर बढ़िया गमले, दीये आदि भी बनाए जा रहे हैं। इसके लिए लघु मशीनें भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा गो काष्ठ का भी उत्पादन लाभदायक हो सकता है।

इसके लिए अलग-अलग डाई से गोल या चौकोर गोबर की लकड़ियां बनाई जा सकती हैं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में इन लकड़ियों का प्रयोग हवन और शवदाह के लिए करने का चलन बढ़ रहा है। ये लकड़ियां बनाने की मशीन भी उपलब्ध है जो दबाव से एक सिरे से गोबर डाल कर दूसरे सिरे से लकड़ी निकालती है।

# जीवन मूल्य

## धर्म-प्रवाह

**अनुराग वत्स**

**कठोपनिषद** में इसे श्रेय और प्रेय कहा गया है। श्रेय की खोज का नतीजा स्थायी होता है। यह खोज ही नचिकेता की है। प्रेय केवल कुछ वक्त तक रहकर नष्ट हो जाता है। हममें से ज्यादातर लोग हालांकि इसी तुरंता या दिखावटी संसार को गढ़ने में लगे रहते हैं। कठोपनिषद हमें चिरस्थायी समाधानों के लिए उकसाता है।

स्थायी समाधान हमारी सोच से पैदा होते हैं। जब नचिकेता को श्राप देने के बाद वाजश्रवा दुख से उठ नहीं पा रहे थे, तब बालक नचिकेता ने जो उनसे कहा, वह गौर करने लायक है। नचिकेता कहता है, ह्यमेरे पहले अनेक गए हैं। मेरे बाद भी बहुत-से लोग जाएंगे। मैं अकेला नहीं यमराज के पास जा रहा हूं। यम के पास जाकर वह मृत्यु की तरफ से जीवन की ओर देखता है। आपको ध्यान होगा कि नचिकेता ने पहला वरदान ही पिता के पास यानी जीवन में वापसी का मांगा है।

कुंवर नारायण इस जगह जीवन का एक दृष्टिकोण पाते हैं। वह लिखते हैं, ह्यमृत्यु के चिंतन से जीवन के प्रति निराशा ही पैदा हो, ऐसा कतई जरूरी नहीं- कोई मौलिक दृष्टिकोण भी जन्म पा सकता है।

**अमर-घुट्टी है सदा के लिए**

क्या है वह दृष्टिकोण? इसका जवाब भी कठोपनिषद में है। लेकिन पहले हम इस सच को स्वीकार करना सीखें कि हम सब जन्म के बाद से ही अपनी काया में अपनी मृत्यु भी लिए-लिए फिरते हैं। कइयों को एक उम्र के बाद मृत्यु-भय घेर लेता है।

**महंगाई** कम होगी भी कैसे,
जनता का दर्द दिखेगा भी कैसे!
सरकार का पूरा ध्यान अडानी की आमदनी बढ़ाने
और उसे जांच से बचाने पर जो है।
–राहुल गांधी, कांग्रेस

## आपके ट्वीट

**महान संत**, सिख पंथ के नौवें गुरु, मानवीय मूल्यों तथा धर्म के रक्षक, 'हिन्द दी चादर' गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज के प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं समस्त प्रदेश वासियों व श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई!
– योगी आदित्यनाथ





**राहुल** जी इटली गये वहाँ की पीएम ने भी तारीफ की,घर में गुलाम नबी जी शरद पवार जी सहमत नहीं हैं। इस भरी दुनिया में,कोई भी हमारा न हुआ,
गैर तो गैर थे,
अपनों का सहारा ना हुआ।
– सुधांशु त्रिवेदी

## कॉर्टून वर्ल्ड




# फिजिक्सवाला ने राजधानी में विद्यापीठ का शुभारंभ किया

**संस्थान** सभी छात्रों को उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना समान अवसर प्रदान करने की पीडब्ल्यू की प्रतिबद्धता को पूरा करता है

रांची , 11, अप्रैल, 2023ः पीडब्लू (फिजिक्स वाला),भारत के सबसे किफायती और पसंदीदा एडटेक प्लेटफॉर्म ने आज रांची में अपना विद्यापीठ केंद्र लॉन्च किया। रांची से पहले संस्थान ने जयपुर, सिलीगुड़ी, सूरत, ठरढ दिल्ली, अहमदाबाद और भुवनेश्वर में भी एक-एक विद्यापीठ खोला है। रांची केंद्र का उद्घाटन श्रीमती महुआ मजी, संसद सदस्य, राज्य सभा, भारत सरकार, ने किया था। यह एडटेक स्टार्टअप पहले से ही देश भर के विभिन्न शहरों में 11 विद्यापीठ केंद्र चला रहा है और इन नए उद्घाटनों के साथ यह छात्रों के लिए विकल्पों की व्यापक रेंज को जोड़ने जा रहा है, ताकि उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए अपने शहर को छोड़ना न पड़े। विद्यापीठ केंद्र भारत के अग्रणी प्रौद्योगिकी-सक्षम ऑफलाइन कोचिंग संस्थान हैं, जिनमें अभिभावक-छात्र डैशबोर्ड, वीडियो समाधान और 3डी मॉडलिंग जैसी सुविधाएं हैं, जिनमें अनुभवी शिक्षक अग्रणी हैं।

अब एक प्रौद्योगिकी-सक्षम पीडब्ल्यू विद्यापीठ से लाभान्वित होगा रांची ० अपने छात्रों को उनकी आगामी जेईई/नीट परीक्षाओं के लिए सर्वोत्तम संभव सीखने का अनुभव प्रदान करेगा।

निखिलेश वर्मा, केंद्र प्रमुख, पीडब्लू विद्यापीठ, रांची ने कहाः हम पीडब्लू में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। विद्यापीठ के साथ हमारा उद्देश्य

## शिक्षा



शिक्षा को सुखद और अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना है। इसलिए हम छात्रों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम लाइव व रिकॉर्डेड क्लासेस जैसी बेहतरीन सुविधाएं लाने के लिए समर्पित हैं, जिन्हें ऐप पर देखा जा सकता है। हम 10 से अधिक वर्षों के अनुभव और महान विशेषज्ञता के साथ सर्वश्रेष्ठ फैकल्टी लाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ।

अमित कुमार गुप्ता, बिजनेस हेड, पीडब्लू विद्यापीठ, रांची के ने कहा,विद्यापीठ एडटेक क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल है। यह हर जगह हर छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का जवाब है। हम विद्यापीठ में प्रतिदिन 15 घंटे से अधिक समय तक समर्थन की पेशकश करेंगे। छात्रों को भी सुविधा मिलेगी। ढह ऐप के माध्यम से हमारे प्रधान कार्यालय में किसी भी मुद्दे को आगे बढ़ाने के लिए।

पीडब्लू छात्रों को देशभर में सर्वश्रेष्ठ ऑनलाइन, ऑफलाइन और हाईब्रिड क्लास देने के लिए जाना जाता है। आसानी से समझ में आने वाले और आकर्षक वीडियो व्याख्यान के साथ, पीडब्लू सुनिश्चित करता है कि उसके छात्रों को विषय की ठोस समझ मिले। पीडब्ल्यू की अनुभवी और समर्पित फैकल्टी इस प्लेटफॉर्म को सबसे अलग बनाती है। एडटेक कंपनी की योजना सिर्फ उत्तर भारत में ही नहीं बल्कि देश के हर हिस्से में विद्यापीठ खोलने की है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए, ढहरअळ (ढह स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट), सभी विद्यापीठ केंद्रों के ढह कक्षा कार्यक्रमों में 90% तक स्कॉलरशिप प्रदान करता है।

## लेटर टू एडीटर

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर रही हैं।

– रविकांत सिंह, रांची

### टीके से सुरक्षा

**कोरोना** संक्रमण के मामलों में आ रही तेजी बेहद चिंताजनक है। केंद्र और राज्य सरकारें अपने स्तर पर समुचित कदम उठा रही हैं, लेकिन महामारी की रोकथाम में हर नागरिक को भी अपना योगदान देना होगा। कुछ लोग टीका लगवाने में हिचकिचा रहे हैं। झारखंड से 50 हजार टीके की मांग स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने केन्द्र से की है। इसे तेजी से दिया जाए।

–नितेश कुमार, हजारीबाग

# बांग्लादेशः दुनिया की दर्जी बना पाई समृद्धि

**टीएस नाइनन**

**बीते** एक दशक में बांग्लादेश ने दक्षिण एशिया में बेहतरीन आर्थिक प्रदर्शन करने वाले देश के रूप में अपनी पहचान मजबूत की है। उसकी प्रतिव्यक्ति आय और आर्थिक वृद्धि दर भारत से तेज है, असमानता भारत से कम है और कुछ सामाजिक संकेतकों पर उसका प्रदर्शन हमसे बेहतर है। बतौर आजाद मुल्क उसके पास स्वर्ण जयंती का जश्न मनाने की पर्याप्त वजह है।

सन 1971 से अबतक वहां जो बदलाव आया है उसे साफ महसूस किया जा सकता है। आजादी के बाद आरंभिक वर्षों में उसे देश के जीडीपी के सातवें हिस्से के बराबर विदेशी सहायता मिलती थी। अब यह दो फीसदी से भी कम रह गई है। अब वह किसिंजर के शब्दों वाला 'बास्केट केस' (कमजोर आर्थिक स्थिति वाला देश जो अपने कर्ज चुकाने की स्थिति में भी न हो) कतई नहीं रह गया है।

राजकोषीय घाटा, वाणिज्यिक व्यापार संतुलन और रोजगार (खासकर महिलाओं के मामले में) के क्षेत्र में बांग्लादेश भारत से बेहतर स्थिति में है। जीडीपी की तुलना में सार्वजनिक ऋण और निवेश के अनुपातों में भी वह भारत से अच्छी हालत में है। उसके जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी भी भारत से अधिक है। वर्ष 2011 से 2019 के बीच उसका वाणिज्यिक निर्यात 8.6 फीसदी की दर से बढ़ा जबकि भारत का महज 0.9 फीसदी की दर से।

बीते पांच दशक में बांग्लादेश का प्रदर्शन भारत से बेहतर तो रहा ही, उसने पाकिस्तान को भी हर मोर्चे पर बुरी तरह पीछे छोड़ दिया। फिर चाहे मामला जनांकीय (पाकिस्तान की आबादी अब काफी अधिक है) हो, आर्थिक हो, साामजिक संकेतकों का हो या लोकतांत्रिक मूल्यों का, बांग्लादेश हर क्षेत्र में आगे है।

उदाहरण के लिए शिशु मृत्यु दर की बात करें तो पाकिस्तान के आंकड़े, बांग्लादेश से दोगुना हैं। सन 1971 में बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई के समय आरोप यही था कि पंजाब के दबदबे वाले पश्चिमी पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान को एक आंतरिक उपनिवेश बना दिया था, यह बात आगे चलकर प्रमाणित हुई।अब बांग्लादेश के सामने नई चुनौतियां हैं।

उसका दर्जा अल्पविकसित देश से विकासशील देश का हो चुका है और ऐसे में उसे व्यापार और शुल्क के क्षेत्र में मिल रहे लाभ गंवाने पड़ सकते हैं। पहली श्रेणी में उसे कई अमीर देशों के बाजार में शुल्क मुक्त और कोटा मुक्त पहुंच मिलती है। इनमें यूरोपीय संघ महत्त्वपूर्ण है। अब वह बांग्लादेश पर विकासशील देशों वाले मानक लागू करने की प्रक्रिया में है। यानी बांग्लादेश से यूरोपीय संघ को होने वाले निर्यात पर नए शुल्क तो लगेंगे ही निर्यात में प्राथमिकता दिलाने वाले जनरलाज्ड सिस्टम ऑफ प्रिफरेंसेज (जीएसपी) में उसकी पहुंच भी सीमित होगी। बांग्लादेश के निर्यात का 60 फीसदी यूरोपीय संघ को जाता है और उसके कुल निर्यात में 80 फीसदी से अधिक कपड़ा और वस्त्र हैं।

एक बाजार-एक उत्पाद की इस विशेषज्ञता के अपने जोखिम हैं और वृद्धि बरकरार रखने के लिए उसे यह निर्भरता कम करनी होगी। मानव विकास सूचकांकों की बात करें तो उसने भारत को कई अहम सूचकांकों में पछाड़ा है लेकिन मामला एकतरफा नहीं है। कुछ क्षेत्रों में अंतर बहुत कम है और दोनों का प्रदर्शन वैश्विक औसत से बेहतर रहा है। लेकिन इस बात पर सकून नहीं पा सकते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# नाबालिग से गैंगरेप के पांच दोषियों को 20-20 साल कैद

### पोक्सो के विशेष अदालत ने नाबालिग आरोपी को दस हजार जुर्माना लगाया



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषी बुंडू निवासी पांच युवकों राजू अहीर, अमित अहीर, शरनागत अहीर, पंकज अहीर और एक नाबालिग को 20-20 साल के कारावास की सजा सुनाई। चार अभियुक्तों पर 20-20 हजार एवं नाबालिग युवक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने पांचों को तीन अप्रैल को दोषी ठहराया था। सामूहिक दुष्कर्म की घटना 29 जनवरी 2019 को बुंडू थाना क्षेत्र के अहीर टोला में घटी थी। घटना को लेकर पीड़िता ने बुंडू महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना के बाद ही पुलिस ने आरोपी राजू अहीर, अमित अहीर, शरनागत अहीर, पंकज अहीर एवं एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि लड़की अपने दोस्त के साथ बुंडू घूमने आई थी। शाम को दोनों गांव ताऊ में लॉज में रहने वाले दोस्त से मिलने गये। यहां पर लड़की लॉज के बाहर खड़ी थी और लड़का अंदर जाकर अपने दोस्त से मुलाकात की। इसी दौरान पांचों आरोपी लड़की के पास पहुंचे और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। लॉज से बाहर निकलते ही लड़के का भी मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद घटना को अंजाम दिया।

### अव्यवस्था : जांच में इस्तेमाल होने वाला केमिकल भी गायब

# ठप है रिम्स का सेंट्रल लैब दर-दर भटक रहे हैं मरीज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स का सेंट्रल लैब ठप हो गया है। डोनेशन के पांच करोड़ रुपये की मशीन मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेंट्रल लैब की शुरूआत की गई थी, ताकि मरीजों को जल्द से जल्द रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा सके। वहीं टेस्ट के लिए इस्तेमाल होने वाला केमिकल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। नतीजा इलाज के लिए आने वाले मरीजों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। इतना ही नहीं मरीजों को टेस्ट कराने के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। बताते चलें कि ऑटोमैटिक मशीन की हर दिन दस हजार सैंपल टेस्ट करने की कैपेसिटी है।

**4 घंटे में मिल रही थी रिपोर्ट :** सेंट्रल लैब में ऑटोमैटिक मशीन लग जाने के बाद मरीजों को बड़ी राहत मिली थी। इसका फायदा भी मरीजों को मिल रहा था। हर तीन से चार घंटे में मरीजों की रिपोर्ट मिल जाती थी। इससे मरीजों का इलाज भी समय पर शुरू हो जा रहा था लेकिन अचानक से रिम्स प्रबंधन ने सेंट्रल लैब को ठप कर दिया है।

**2 हजार मरीज रहते हैं एडमिट :** हॉस्पिटल में हर दिन दो हजार मरीज एडमिट रहते हैं। वही ओपीडी में भी हर दिन 2,000 से अधिक मरीज कंसल्टेशन के लिए आते हैं। उनका भी टेस्ट सेंट्रल लैब से ही हो रहा था। ऐसी स्थिति में मरीजों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। उन्हें समझ में नहीं आ रहा कि क्या करें और क्या नहीं? ऑपरेटर बस ईतना ही कहकर भगा देते हैं कि मशीन खराब है।

#### क्या कहते हैं जिम्मेवार

रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने कहा कि फिलहाल प्रबंधन ने लैब में टेस्ट नहीं करने का आदेश दिया है। हॉस्पिटल के अपने लैब को अपग्रेड किया जा रहा है। उसी में मरीजों का टेस्ट हो रहा है। कैंपस में जो भी एजेंसी या लैब प्राइवेट या आउटसोर्स है उनसे काम नहीं लिया जाएगा। गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में यह निर्णय लिया गया था। अगर जरूरत होगी तो सेंट्रल लैब को फिर से चालू किया जाएगा।

# अगले चार दिनों में 5 डिग्री से अधिक बढ़ेगा तापमान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में गर्मी बढ़ रही है राजधानी रांची के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। संभावना जताई जा रही है कि अगले दो से चार दिनों में झारखंड का तापमान चार से पांच डिग्री बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने साफ कर दिया है कि अभी गर्मी से किसी तरह की राहत नहीं मिलेगी। तापमान में हो रही बढ़ोतरी का असर दिखने लगा है। इस साल के आंकड़े देखें तो गर्मी का रिकार्ड टूट सकता है क्योंकि मध्य अप्रैल में ही रांची का तापमान 35 के पार जा रहा है

**रांची का तापमान हो सकता है 40 के पार :** मौसम विभाग ने बताया है कि अगले तीन से चार दिनों में राजधानी रांची का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच सकता है। अभी रांची का तापमान लगभग 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। जमशेदपुर में अभी तापमान में और बढ़त होने की संभावना है इस वक्त यहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के आसपास है।

**अभी मौसम नहीं बदलेगा अपना मिजाज:** मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह उत्तर भारत के कई राज्यों में तापमान में काफी बढ़ोतरी होने की संभावना है। झारखंड भी इन राज्यों में शामिल है जहां तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। पिछले कुछ दिन राजधानी रांची के तापमान में गिरावट रही क्योंकि बारिश की वजह से मौसम का मिजाज थोड़ा आरामदायक हो गया था। अभी मौसम के मिजाज बदलने की दोबारा संभावना नहीं जताई जा रही है। तपती धूप की वजह से गर्मी अभी और परेशान करेगी।

# आजसू का न्याय मार्च कल, रांची महानगर से हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल : ज्ञान सिन्हा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी रांची महानगर ने पार्टी के आहवान पर 13 अप्रैल को आयोजित न्याय मार्च को सफल बनाने को लेकर समीक्षा बैठक की। यह बैठक आजसू पार्टी के रांची महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। ज्ञान सिन्हा ने कहा कि न्याय मार्च में रांची महानगर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार के विफलता, नियोजन नीति, स्थानीय नीति, बेरोजगारी एवं बढ़ते अपराध को लेकर सरकार से न्याय की गुहार लगायेंगे। बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, केंद्रीय सचिव बनमाली मंडल, केंद्रीय सचिव नईम अंसारी सहित महानगर सचिव रमेश गुप्ता, वरीय उपाध्यक्ष बंटी यादव व सुनील यादव, उपाध्यक्ष टी के मुखर्जी, राकेश सिंह, जय श्रीवास्तव, विश्व विजय गांगुली, सचिव अजय भारत, आदित्य सिन्हा, दीपक गुप्ता आदि थे।

# झारखंड सहकारी बैंक में सेंटरलाइज पेमेंट की सुविधा जल्द

### अध्यक्ष समेत नवनियुक्त सभी 15 सदस्यों को दिलायी पद व गोपनीयता की शपथ




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड ग्राहकों के लिए जल्द ही सेंटरलाइज पेमेंट सहित अन्य सुविधाएं शुरू करेगा। उक्त बातें बैंक की अध्यक्ष विभा सिंह ने मंगलवार को कही। इससे पूर्व निदेशक पर्षद की अध्यक्ष विभा सिंह सहित सभी 15 नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने दिलाई। अध्यक्ष ने कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए पूर्व से लंबित ग्रेड पे में सुधार करते हुए इसे लागू करने की बात कही। बीमा का लाभ प्रदान करने, पदोन्नति एवं नई नियुक्तियां आदि पर अपनी सहमति प्रदान की। सहकारी समितियों की बैंक से संबद्धता के लिए शुल्क को 500 रुपए मात्र करने और बैंक के कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य एवं टर्म बीमा का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि आगामी वर्षों में बैंक राज्य के सभी किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों से सहकारी समितियों के माध्यम से संगठित बैंकिंग सेवा का लाभ अपने ग्राहकों को पहुंचाएगा। उनका जीवन स्तर ऊंचा करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि बैंक शिड्यूल्ड बैंक का दर्जा प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। बैंक लगातार तीन से लाभ अर्जित कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्रॉस एनपीए / नेट एनपीए को 11. 78% / 2.93% पर लाने में सक्षम रहा है। जल्द ही बैंक द्वारा मोबाईल बैंकिंग, नेट बैंकिंग, डायरेक्ट मंबरशिप ऑफ सेंटरलाइज्ड पेमेंटसिस्टम आदि की सुविधा प्रदान की जाएगी।

### भाजपा सचिवालय घेराव









# नियम के विरुद्ध काम कर रहे पुलिस पर हो कार्रवाई : सांसद



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने जिला प्रशासन से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जो आज सचिवालय घेराव के लिए पलामू गढ़वा जिला अंतर्गत प्रखंडों से निकले हैं उन्हें विभिन्न थाना क्षेत्रों में चौक चौराहों पुलिस प्रशासन द्वारा गाड़ी चेकिंग के नाम पर रोका जा रहा है। सांसद राम ने कहा कि इसकी सूचना टेलीफोन के माध्यम से दोनों जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी गई है और उनसे आग्रह किया गया है कि नियम विरुद्ध कार्य कर रहे पुलिस पदाधिकारियों पर अभिलंब अंकुश लगाई जाए ताकि लोगों की लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हो सके।

# रांची सचिवालय घेराव कार्यक्रम में जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची में आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशासन ने जबरन रोका। इस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रशासन पर कार्यक्रम को विफल करने की साजिश करार दिया। कार्यकर्ता बसों में बैठ कर सचिवालय घेराव के लिए जा रहे थे। बसों को कागजातों की चेकिंग के नाम पर छत्तरपुर थाना, पड़वा थाना, सदर थाना मेदीनिनगर, शाहपुर थाना क्षेत्र में जबरन रोका गया। कुछ बसों से कार्यकर्ताओको को उतार कर गाड़ी को छत्तरपुर थाना सदर थाना एवं सत्बरवा थाना में लाकर खड़ा किया गया है। भाजपा का आरोप है कि जान बूझकर कार्यकर्ताओं को समय से पहुंचने मैं विलम्ब के उद्देश्य से व्यवधान पैदा किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा बसों को कागजातों कि चेकिंग के नाम पर छत्तरपुर थाना, पड़वा थाना , सदर थाना मेदिनीनगर, शाहपुर थाना क्षेत्र में जबरन रोका जा रहा है। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता किसी तरह रांची कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे।

# पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष सह मेयर प्रत्याशी ने रोड निर्माण में ग्रामीणों की मदद की

### नगमवासियों के समस्या समाधान को लेकर संकल्पित : मनोज सिंह



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या एक के सिंगरा खुर्द में पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष सह मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने रोड निर्माण में ग्रामीणों की मदद की है। दरसल सिंगरा खुर्द में महावीर मंदिर के पास से ग्रामीणों ने खुद से पहल करते हुए रोड निर्माण का कार्य शुरू किया है। मंगलवार की सुबह मनोज सिंह रोड निर्माण में ग्रामीणों के सहयोग के लिए पंहुचे थे। इस दौरान उन्होंने रोड निर्माण में ग्रामीणों की मदद किया है, पांच बिजली का पोल देने की घोषणा किया है। मनोज सिंह ने स्थानीय ग्रामीणों को कहा कि रोड निर्माण और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए वे तत्पर है । इस दौरान संतोष शुक्ला,अजय शुक्ला, दिलीप शुक्ला, योगेंद्र शुक्ला, रमजान अंसारी, ओम प्रकाश रजक, विजय शुक्ला, साकेत शुक्ला समेत कई लोग मौजूद थे।

# अवैध तरीके से बालू खनन का आरोपी मुन्ना गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में


गिरफ्तार मुन्ना

**पड़वा पलामू।** पड़वा पुलिस ने अवैध तरीके से बालु उठाव करने के आरोपी मुन्ना गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। यह जानकारी पड़वा थाना के प्रभारी थाना प्रभारी प्रकाश होरो ने दी। थाना प्रभारी ने बताया कि सात फरवरी को पड़वा अंचलाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के द्वारा अवैध तरीके से बालु उठाव को लेकर छापामारी अभियान चला कर पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ी खास गांव के कोयल नदी घाट से रात्रि में बालु का उठाव कर रहे पांच ट्रैक्टर को पकड़ कर पड़वा पुलिस को सौंपा था। जिसमें एक ट्रैक्टर मुन्ना गुप्ता का भी था। उस समय से मुन्ना गुप्ता फरार चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मुन्ना झरी स्थित अपने घर पर है। सूचना मिलते ही पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर मुन्ना गुप्ता को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार मुन्ना को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# भीषण आग से गेंहू की फसल जलकर हुई खाक

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड के खाप कटैया गांव में मंगलवार की दोपहर खेतों में लगे गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। इस आग ने किसानों की साल भर की आस को खत्म कर दिया है। भुक्तभोगी किसान शंभू सिंह, सुरेश सिंह तथा महावीर पासवान ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से लगी आग से 2 बीघा में लगी गेहूं की तैयार फसल जलकर खाक हो गया। किसानों ने कहा कि अपने खेतों में इस साल गेंहू की फसल बोई थी, जो तैयार थी। आज कल में इस फसल को कटवा कर घर ले जाना चाहते थे। लेकिन शॉर्ट सर्किट से लगी आग से पूरी फसल को स्वाहा कर दिया है। ग्रामीणों ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अगर समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो इससे ज्यादा नुकसान हो सकता था। वहीं भुक्तभोगी किसानों ने सरकार से मुआवजा की मांग किया है।

# कांग्रेस ने विश्रामपुर में की नुक्कड़ सभा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर विश्रामपुर में नुक्कड़ सभा किया गया नुक्कड़ सभा का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविन्द्र कु शुक्ला (गुड्डू) ने किया कार्यक्रम का संचालन जिला के उपाध्यक्ष संतोष चौबे ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे। लोकतंत्र एवं संविधान को ध्वस्त करने को आतुर केंद्र की मोदी सरकार एवं उनके देश-विरोधी नीतियों एवं अडानी महाघोटाले के विरुद्ध कांग्रेस जन जमकर आवाज बुलंद किया। जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि ये लड़ाई मित्रकाल के विरुद्ध लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। बिट्टू पाठक ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में केंद्र सरकार देश की आत्मा यानि लोकतंत्र को ध्वस्त करने में लगी है। मौके पर प्रदेश महासचिव विजय चौबे, प्रदेश प्रतिनिधि सत्य नारायण तिवारी,जिला उपाध्यक्ष सुधीर चौबे,जिला महासचिव संतोष गुप्ता, शैलेश मेहता शिक्षा प्रकोस्ट के प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र चौबे, प्रखंड उपाध्यक्ष आलोक चौबे, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौबे, इरसाद अंसारी, राम मनोहर चौबे, मिथलेश मिश्रा, डॉ इलियास अंसारी, सुरेंद्र दुबे, मृत्युंजय चौबे, सुड्डू चौबे, महेंद्र शर्मा, राज नाथ पांडे, विजय दुबे, प्रिंस दुबे, मनु पांडे, पुनीत शुक्ला लकी शुक्ला बिट्टू शुक्ला, चुटारी राम, नागेंद्र चौबे, होशिला चौबे, धर्मेंद्र गुप्ता, समशाद खलीफा शामिल थे।

# हरिहरगंज सीएचसी में कोरोना को लेकर माक ड्रिल का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** देश में बढ़ते कोविड 19 के प्रभाव को देखते हुए मंगलवार को हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने तथा उसके समुचित इलाज का अभ्यास किया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा अरूण कुमार ने कहा कि देश में कोविड़ 19 का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। इसके लिए स्थानीय सीएचसी कितना तैयार है, इसके लिए अभ्यास किया गया। सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। मॉक ड्रील में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरूण कुमार सिंह के अलावे डॉ विमलेश सिंह बीपीएम संजय कुमार सिंह बीएम राजकुमार सिंह अमित कुमार, जसवंत कुमार, मनीष कुमार, वायुनंदन पाण्डेय आदि स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

# एके सिंह कॉलेज जपला में मनी ज्योतिबा फुले की जयंती




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** सामाजिक न्याय के अग्रदूत महात्मा जोतिबा फुले की 196वीं जयंती ए के सिंह कॉलेज जपला में प्राचार्य सूर्य मणि सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। एकेडमिक इंचार्ज और आंतरिक गुणवत्ता निर्धारक प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) के समन्वयक डॉ राम सुभग सिंह ने विषय - प्रवेश कराते हुए कहा कि महात्मा फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के संग मिलकर भारत में स्त्री - शिक्षा के लिए 1848 में प्रथम पाठशाला खोली। 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना 1873 में की और अपनी पुस्तक 'गुलामगिरी' के माध्यम से धार्मिक, अंधविश्वास, सामाजिक कुरीति, जात-पात, छुआ-छूत, और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध बिगुल फूंक दिया। मौके पर सुप्रिया कुमारी, शीतल कुमारी और शुभम प्रकाश ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुस्तक 'हिंदुस्तान की खोज' के आधार पर बनी और दूरदर्शन पर प्रसारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म महात्मा फुले का प्रदर्शन किया गया। शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इसे देखा और सराहना की। साथ ही, ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म बार-बार दिखाये जाने की जरूरत बताई। जंतु विज्ञान के प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने मंच संचालन किया। मौके पर राजेश कुमार सिंह, डॉ आलोक रंजन कुमार, डॉ आनंद कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, डॉ इंदिरा सिन्हा, ओम प्रकाश सिंह, अशोक कुमार सिंह, सेजल सिंह, आलोक कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, दिनेश कुमार, विकास कुमार मेहता शामिल थे। मौके पर प्रो सूर्य मणि सिंह ने कहा कि इस तरह के महापुरुषों का जीवन कर्म हमारे लिए प्रेरणा स्रोत होता है और लोगों को सामाजिक-धार्मिक रूढ़ियों एवं कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष शक्ति प्रदान करता है।

# मदरसा से हथियार व गोली के साथ युवक गिरफ्तार



**पांकी/नीलांबर पीतांबरपुर।** पीपराटांड थाना अंतर्गत ग्राम होटवार स्थित मदरसा में हाफिज नदीम अंसारी पिता महबूब अंसारी लोहरसी निवासी को पुलिस ने हथियार व गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पीपराटांड थाना प्रभारी हीरालाल साह ने बताया कि 10 अप्रैल को गुप्त सूचना मिली थी कि होटवार मदरसा में पढ़ाने वाले नदीम अअपने कमरे में हथियार रखा है। इसकी जानकारी वरीय अधिकारी को दी गई। इसके बाद पुलिस मदरसा की तलाशी ली। इस दौरान नदीम के कमरा से एक देसी कट्टा व जिंदा गोली, मिसफायर गोली जब्त किया गया। पुलिस ने नदीम को जेल भेज दिया है। छापेमारी अभियान में सअनि सुरेश राम समेत कई जवान शामिल थे।

# अभाविप ने किया सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सतबरवा इकाई द्वारा अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में गर्ल्स हाई स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 165 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ज्ञात हो कि आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की 132वीं जयंती मनाई जाएगी, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होना सुनिश्चित है। बाबा साहब के विचारों को युवाओं के बीच फैलाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापुरुषों की जीवनी से प्रेरणा लेकर युवाओं में अपने देश एवं समाज के प्रति प्रेम एवं समर्पण की भावना जागृत होती है। आगामी 17 अप्रैल को गर्ल्स हाई स्कूल के प्रांगण में बाबा साहब की जीवनी पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा एवं इस प्रतियोगिता का परिणाम भी जारी किया जाएगा। प्रतियोगिता में तीन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविन्द मेहता एवं सतबरवा इकाई से पंकज सिंह, अंकू, नीरज, अविनाश, मंजीत आदि कार्यकर्ता सहित स्कूल के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एसपी कॉलेज में धूमधाम से मना संताली साहित्य दिवस, संताली कविता और कहानियां का संग्रहण स्मारिका का हुआ विमोचन

# युवाओं को संताली साहित्य को बढ़ावा देने और कार्य करने की है जरूरत : प्राचार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



44वें संताली साहित्य दिवस पर संताली कविता और कहानियां का संग्रहण स्मारिका विमोचन करते अतिथि एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**दुमका।** 44 वां संताली साहित्य दिवस मंगलवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। हर साल की भांति इस साल भी संताली साहित्य दिवस पर एसपी कॉलेज मैदान में आदिवासी परंपरा, सभ्यता और संस्कृति की झलक छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसपी कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर यादव समेत अन्य उपस्थित रहे। साहित्य समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ यादव ने कहा कि संताली साहित्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के युवक-युवतियों को साहित्य के संरक्षण और संवर्धन के दिशा में और कार्य करने की जरूरत है। छात्र-छात्राएं अपने साहित्य से जुड़ कर प्राकृतिक संपदा को संरक्षित कर सकते है। उन्होंने युवाओं को अपने संस्कृति, परंपरा और सभ्यता को लेकर अधिक से अधिक विभिन्न विषयों पर लिखने की जरूरत पर जोर दिया। जिससे देश और दुनिया के लोग अक्षुण्य संताली सभ्यता और संस्कृति को जान सके। विशिष्ट अतिथि एसकेएमयू मीडिया प्रभारी डॉ शंभू कुमार सिंह ने साहित्यकारों को उत्साहित करते हुए संताली सभ्यता और संस्कृति के विस्तार के लिए और लिखने की जरूरत बताया है। युवा साहित्य से जुड़ आदिवासी परंपरा और सभ्यता को आगे बढ़ाने को प्रेरित किया। इस अवसर पर साहित्यकार चुंडा सोरेन सिपाही, गोड्डा से पहुंचे हेमलाल मरांडी, एसपी कॉलेज शिक्षक निर्मल मुर्मू, सनातन मुर्मू आदि कवियों एवं साहित्यकारों ने एक से बढ़क कर एक संताली साहित्य और कविता पाठ किया। समारोह का शुभारंभ एसपी कॉलेज संस्थापक सह प्रथम सांसद स्व लाल बाबा हेम्ब्रम के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण परांपरिक नृत्य संगीत से अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल ले जाया गया। जहां आदिवासी परांपरा के अनुसार अतिथियों का स्वागत लोटा-पानी और पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। समारोह का शुभारंभ स्वतंत्रता सेनानी शहीद सिदो कान्हू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर संताल परगना के विभिन्न निजी एवं सरकारी स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया। इस अवसर पर अतिथियों ने संताली साहित्य कविता, कहानी के संग्रहन स्मारिका का विमोचन किया। समारोह में मंच संचालन राजीव बास्की एवं एमानवेल हेम्ब्रम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्यामदेव हेम्ब्रम ने किया। समारोह का सफल आयोजन में विमल कुमार टुडू, सुलीश , रविंद्र मरांडी, बादल किस्कू, विवेक , विजय , पुष्पा हेम्ब्रम, आरटीना , ममता आदि का सराहनीय प्रयास रहा।

मिशन 2024 में सत्ता से भाजपा सरकार को बेदखल करने की कांग्रेस ने बनायी रणनीति

# राहुल गांधी ने सवाल ही तो पूछा, कोई गुनाह तो नहीं किया : सुबोधकांत सहाय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मंच पर उपस्थित कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता।

**दुमका।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने पर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस हमलावर है। पूरे देश मे केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सत्याग्रह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से कर रही है। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने कार्ययकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर कार्यकताओं में ऊर्जा भरने का काम किया। जिससे मिशन 2024 में कॉंग्रेस देश की सत्ता पर काबिज हो सके। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक प्रदीप यादव, सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख सहित कई नेता शामिल हुए। सम्मेलन में जिले के विभिन्न पंचायत से महिला और पुरुष कार्ययकर्ता भाग लिया। इस भारत सत्याग्रह कार्ययकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय ने मोदी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राहुल गांधी ने सवाल पूछा तो क्या गुनाह किया। चोर को चोर कहा तो क्या गलत किया। उन्होंने कहा केंद्र सरकार पर चुनावी वादे पूरे नहीं करने और बढ़ती महंगाई सवाल हमेशा पूछते रहने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा के खिलाफ यह पोल खोल आंदोलन जन-जन तक पहुंचाना है औ? देश की जनता को इंसाफ दिलाना है। चुकी देश की आजादी से पहले कांग्रेस ने ईस्ट इंडिया कम्पनी के खिलाफ लड़ा था औ? अब मोदी और अडानी के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई जारी है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि लम्बी यात्रा इसलिए कि जा रही है कि 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेंका जाये। जिससे देश की जनता को देश के अंदर हो रही तानाशाह राजनीति से मुक्ति मिल सके और देश को बचाया जा सके।

इस अवसर पर पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने भाजपा पर वर्तमान राज्य की मुद्दे ओबीसी आरक्षण समाप्त करने का भाजपा पर आरोप लगाया। उन्होंने गोड्डा में अडानी का पावर प्लांट के विरूद्ध किए आंदोलन और भाजपा सरकार की भूमिका पर भी सवाल खड़ा किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी, नगर अध्यक्षत अलीमाम उर्फ टिंकू, सत्यनारायण यादव आदि मौजूद थे।

## एसपी के पास पहुंचा सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो तो मचा हड़कंप

**गोपालगंज।** कुचायकोट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती को उसके ही गांव के तीन और पड़ोस के गांव के दो युवकों ने फोन कर बुलाने के बाद गांव में ही एक कमरे में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। साथ ही सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो बनाकर उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। वीडियो प्रसारित होने के बाद मंगलवार को युवती के बयान पर पांच युवकों के खिलाफ प्राथमिकी कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, कुचायकोट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती को स्कूल में ही एक लड़के से प्यार हो गया था। कुछ दिन बीतने के बाद युवती को उसके प्रेमी ने फोन कर बुलाने के बाद एक कमरे में ले जाकर अपने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वीडियो बनाने वाले युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना के करीब दो माह बाद उसे प्रसारित करने की धमकी देते हुए युवती को फिर से हवस का शिकार बनाने के लिए बुला रहे थे, लेकिन युवती ने इनकार कर दिया। इसके बाद युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म के वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। वीडियो प्रसारित होने के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर कुचायकोट थानाध्यक्ष किरण शंकर ने पीड़ित युवती से संपर्क कर उसे थाना पर बुलाने के बाद उसका बयान लेने के बाद पांच आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

## नकल समेत विभिन्न मांगों को लेकर दिव्यांग बुर्जुग बंदोबस्त कार्यालय परिसर में अनिश्चिकालीन धरने पर बैठे

**खबर मन्त्र संवाददाता**


धरना पर बैठे दिव्यांग।

**दुमका।** बंदोवस्त कार्यालय के कार्यशैली से नाराज दिव्यांग बुर्जुग ने कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठ गये। धरना प्रदर्शन कर दिव्यांग ने आयुक्त से आवश्यक कार्रवाई कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याय का गुहार लगाया है। इंसाफ की गुहार गोड्डा जिले के महगामा अंचल के विभुति प्रसाद झा ने बंदोवस्त कार्यालय पदाधिकारियों पर कई गंभीर आरोप लगाया है। बताया कि सेवानिवृत हो चुके पूर्व बंदोवस्त पदाधिकारी सुनील कुमार और वर्तमान सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी शादा नुसरत एवं परिमाण निरीक्षक सफरूद्दीन अंसारी ने उसे बर्दाद करने का काम किया। बताया कि अवैध रूप से उनके पर्चे में अन्य लोगों को जोड़ दिया गया है। जबकि पर्चा में अंकित नाम के लोगों से दूर दूर तक कोई रिस्ता नहीं है। परिवार में कोई विवाद नहीं है, लेकिन पर्चे में विवाद दिखाया गया। सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं होती है। न्याय की गुहार लगाये तो कहां लगाये। पर्चा 2020 से मांगने के बावजूद विभाग देने में असफल रहा है। आपत्तिवाद 1630/18 केस फाईल गायब है। जिस पर तीन बार सुनवाई हो चुकी है। विपक्षी के पास एक भी कागज नहीं है, उसके बावजूद भी उसके हक में फैसला दिया गया है। बिना पैसे का नकल नहीं मिला रहा है। सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी ने न्यायालय में अपील करने के बावजूद निचली अदालत में वाद पुनः भेज दिया जाता है। दिव्यांग पीड़ित ने विवाद को लेकर कार्यालय में जाने-आने में हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए बंदोवस्त प्रशासन पर लाखों का लिफ्ट बंद होने पर भी सवाल खड़ा किया है।

## पशुपालकों के बीच हुआ सुकर का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अन्तर्गत चक्रधपुर प्रखंड के छह लाभुकों के बीच सुकर का वितरण किया गया। प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई एवं उप प्रमुख विनय प्रधान ने प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा. वसीम सिद्दीकी की उपस्थिति में लाभुकों के बीच सुकर का वितरण किया। जिन लाभुकों को सुकर मिला है उनमें लखन गागराई, रवि हेम्ब्रोम, राईमुनी दोंगो को 90 फीसद एवं भरत करवार, एडमिन जोंको व साधु चरण को 75 फीसद अनुदान पर चार नर एवं एक मादा सुकर दिया गया। पशुपालन पदाधिकारी डा. वसीम ने बताया कि स्वरोजगार के उद्देश्य से पशुपालकों के बीच सुकर वितरण किया गया है। सुकर पालन कर पशुपालक अपनी आमदनी बढ़ा सकते है। इस मौके पर सुकर के पालन-पोषण एवं खानपान के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी। मालूम हो कि इससे पूर्व चक्रधरपुर प्रखंड में पशुपालकों के बीच विभाग की ओर से बत्तख चूजा का वितरण किया गया था।

## भाजपा सरकार हर मोर्चे पर हो रही है विफल, इसलिए देश की संपति को बेचा जा रहा है : दानिश इकबाल

**किशनगंज(हि.स.)।** शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के (राजद) युवा प्रदेश महासचिव दानिश इकबाल के नेतृत्व में नुक्कड सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां राजद नेताओं द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों को अवगत कराया गया। दानिश इकबाल ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है इसलिए देश की सम्पत्तियों को बेचा जा रहा है। आज अगर लोग जागरूक नहीं हुये तो कल पूरे देश को इससे भारी नुकसान उठाना पडेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास कर रहा है और बिहार का विकास आने वाले समय में पूरे देश के लिए मॉडल होगा। उन्होंने कहा की देश में गुजरात माडल की नहीं बल्कि बिहार माडल की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सीएम नितीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के काम से पुरे देश में बिहार का नाम गौरवान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल नफरत की सियासत करती है उसे देश के विकास से कोई मतलब नहीं है।

# सिंहभूम का प्रसिद्ध केरा मेला शुरू, बीडीओ ने सफल संचालन के दिये निर्देश

## बीडीओ ने समिति के साथ की बैठक, श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** सिंहभूम के शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध मां भगवती केरा मंदिर का चैत्र मेला शुभघट के साथ आरंभ हो गया। मंगलवार को मंदिर प्रबंधन समिति के पदेन अध्यक्ष सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने प्रखंड सभागार में मंदिर प्रबंधन समिति व केरा मेला संचालन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान बीडीओ ने सदस्यों को बेहतर ढ़ंग से मेला संचालन करने एवं पूजा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने को कहा। बीडीओ ने कहा मंदिर है तो मेला है। इसलिए मंदिर का विकास, आसपास की साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था, पेयजल आदि की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। मंदिर के विकास के लिए आंतरिक संसाधन बढ़ाने को कहा। कहा कि सिर्फ मेला के समय नही बल्कि पूरे साल समिति सक्रिय रहे। बीडीओ ने मेला संचालन समिति से आय-व्यय की जानकारी ली। मेला संचालन एवं मंदिर प्रबंधन समिति में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को शामिल करने का सुझाव दिया। बैठक में बीडीओ के अलावा बीपीआरओ मनोज कुमार सिन्हा, अभिजीत भट्टाचार्य, कामाख्या प्रसाद साहू, ऋषिकेश सिंहदेव, जय कुमार सिंहदेव, एनके सिंहदेव, प्रवीर सिंहदेव, श्रीवंत षाड़ंगी, दीपक सिंहदेव आदि उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### शादी की नीयत से नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**जामा।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के महारो के रहने वाले पीड़िता के परिजन के आवेदन पर दुमका नगर थाना क्षेत्र के बक्शी बांध रोड के रहने वाले आरोपी को जामा थाना प्रभारी जितेंद्र साहू एवं मामले के अनुसंधानकर्ता एसआई रविशंकर सिंह के सूझबूझ से आठ अप्रैल को गुजरात के राजकोट जिला के आजी डैम थाना क्षेत्र के गुलाब नगर से गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर जामा थाना लाया गया। जिसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी दुमका नगर थाना क्षेत्र के बक्शी बांध रोड के रहने वाले अमन कुमार राउत है। मामले को लेकर थाना प्रभारी बताया कि पीड़िता के परिजन के आवेदन पर 13 मार्च को कांड संख्या 24/23 दर्ज कराया था। जिसमें आरोपी पर पुत्री को बहला-फुसलाकर शादी के नियत भगा ले जाने का आरोप लगाया। जांच के क्रम में गुजरात के राजकोट जिला अंतर्गत आजी डैम थाना क्षेत्र के गुलाब नगर से गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद राजकोट जिला न्यायालय में उपस्थापित करते हुए ट्रांजिट रिमांड पर जामा थाना लाया गया।

### शादीशुदा महिला से अवैध संबंध के आरोप में प्रेमी गया जेल

**दुमका।** शादी सुदा महिला से अवैध संबंध में प्रेमी लोगों के हत्थे चढ़ गया। महिला के पति समेत आस-पास के लोगों ने नगर थाना क्षेत्र के बंजरजोड़ी आवास पर मिलने पहुंचा प्रेमी को धर दबोच पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले में भादवी की धारा 383, 366 एवं 504 के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपीको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी जिले के रानेश्वर थाना क्षेत्र के विश्वजीप पाल है। जानकारी के अनुसार आदिवासी शादीशुदा महिला से ईस्टर पर्व पर मिलने दुमका पहुंचा था प्रेमी। पुलिस मामले में कार्रवाई करते हुए युवक को न्यायालय में बयान दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### शंकरपुर गांव में अचानक लगी आग दर्जन भर घर जले

**भागलपुर(हि.स.)।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव में मंगलवार को अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग थोड़ी ही देर में पूरे गांव में फैल गई। जिससे गांव के दर्जन भर से ज्यादा घर जलकर राख हो गए। घरों में रखा सारा सामान भी पूरी तरीके से जल गया। इस दौरान अनाज, कागजात, नगद राशि, ट्रैक्टर सहित लोगों का सारा आशियाना जलकर थोड़ी ही देर में राख हो गया। आग लगने की सूचना पर आसपास के ग्रामीण आग पर काबू पाने का हर संभव प्रयास करते रहे। लेकिन आग इतनी विकराल हो गई थी की आग पर घंटो काबू नहीं हो पाया जा सका। मौके पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों के सहारे दमकल कर्मी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की इस घटना में लाखों का नुकसान हुआ है।

## एक नजर में

### पाकिस्तान के लोग भी कर रहे हैं नरेंद्र मोदी की प्रशंसा : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि एक विशेष वर्ग की तुष्टीकरण की राजनीति अब नहीं चलेगी। हिंदुओं पर अत्याचार होगा तो गिरिराज बोलेगा ही। हमने सबका साथ सबका विकास की राजनीति की है। आज पाकिस्तान के लोग भी नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा कर रहे हैं। जबकि यहां मुट्ठी भर लोग इस्लामिक स्टेट की मांग कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा मंगलवार को बलिया नगर परिषद क्षेत्र के हनुमान महतो चौक के समीप आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, शौचालय योजना, आयुष्मान कार्ड, मुफ्त राशन, उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर आदि जाति या धर्म को देखकर नहीं दिया जाता है। फिर लखमीनियां में शाहीन बाग क्यों। रामनवमी जुलूस या दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में रोड़ेबाजी क्यों होती है।

### शिक्षकों ने प्रदर्शन कर जताया आक्रोश, फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

**नवादा(हि . स .)।** परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के सैकड़ों शिक्षकों ने मंगलवार को आक्रोशपूर्ण जुलूस निकाला और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर का एक साथ पुतला दहन किया। पुतला दहन के पश्चात भगत सिंह चौक पर शिक्षकों ने सभा आयोजित की । सभा को संबोधित करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष विनय प्रभाकर ने शिक्षकों की नई सेवा शर्त नियमावली का पुरजोर विरोध किया । उन्होंने नई नियमावली को पूर्व से नियोजित शिक्षकों के लिए साजिश बताते हुए कहा राज्य सरकार नियोजित शिक्षकों को गुलाम बनाना चाहती है । राज्य सरकार ने नियोजन इकाई खत्म करने का वादा किया था लेकिन सभी नियोजन इकाइयों को यथावत प्रभावी छोड़ दिया गया है। और नया संवर्ग बनाकर उसके अंतर्गत नियुक्त होने वाले शिक्षकों को 20 वर्षों से कार्यरत नियोजित शिक्षकों पर शासन करने के लिए नया कैडर बना दिया गया है । जिला महासचिव जतिन कुमार ने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को चुनावी वादा याद दिलाते हुए कहा कि श्री यादव ने नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा तथा समान काम का समान वेतन देने और पुरानी पेंशन लागू करने का विश्वास दिलाते हुए राजद के प्रण पत्र में इसकी घोषणा की थी लेकिन नई नियमावली आते ही स्पष्ट हो गया है कि उनका वादा चुनावी जुमलेबाजी था । तेजस्वी यादव के इस जुमलेबाजी के प्रभाव में आकर राज्य के सभी नियोजित शिक्षकों ने राजद को एकतरफा वोट दिया था और बैलेट से हुए चुनाव में राजद को सभी जगह जीत मिली थी जिसे भूलना उन्हें महंगा पड़ेगा ।नियोजित शिक्षकों को लुभावने दिलासे दिलाकर उन्हें छलने का काम किया गया है ।

### रिश्वत मांगने पर शिक्षकों ने बीइओ को बनाया बंधक

**मोतिहारी।** जिले के ढ़ाका प्रखंड में वर्ष 2006 में नियोजित शिक्षकों ने वेतन विसंगति में सुधार के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप के बाद शिक्षको ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को उनके कार्यालय कक्ष में बंधक बना लिया। कार्यालय में बीईओ को बंद कर ताला लगा दिया और कार्यालय के गेट पर धरना के साथ नारेबाजी शुरू कर दिया ।अपने कार्यालय कक्ष में बंधक बने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने अपने उपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि वेतन विसंगति मामले में शिक्षा निदेशक के पत्र के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना को पत्र लिखा है ।डीपीओ स्थापना का आदेश आने के बाद हीं कोई कार्रवाई हो सकती है ।जिसके बारे में शिक्षकों अवगत भी करा दिया था लेकिन शिक्षकों ने काफी बदतमीजी की है। वही धरनार्थी शिक्षकों ने भी कई आरोप लगाया है। शिक्षक नीलमणि सुमन ने बताया कि वर्ष 2006 में नियोजित शिक्षकों का वेतन विसंगति 2015 में हो गया था ।जिसके सुधार को लेकर बिहार सरकार और जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पत्र निर्गत किया था ।उस पत्र के आलोक में एक सप्ताह के अंदर वेतन विसंगति दूर करके जिला को सौंपना था लेकिन बीईओ ने प्रखंड के शिक्षकों को बरगला कर पांच-पांच हजार रुपया रिश्वत मांगनी शुरू कर दी ।जिस कारण बीईओ को हम सभी शिक्षकों ने उनके कार्यालय में बंद कर दिया हैं ।जबतक वह वेतन विसंगति वाला फाइल निपटा कर जिला को नहीं भेजेंगे ।तबतक उनको बंद रखा जाएगा ।वहीं बंधक बने बीईओ अखिलेश कुमार ने शिक्षा निदेशक के जारी पत्र का हवाला देकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना से मंतव्य मांगे जाने की बात कही है।

### किसान सभा का 88वां स्थापना दिवस पश्चिम चंपारण में मनाया गया

**बेतिया।** अखिल भारतीय किसान सभा के 88वें स्थापना दिवस के अवसर पर पश्चिम चंपारण के बैरिया प्रखंड में आज झंडोत्तोलन किया गया । झंडा फहराते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य तथा बिहार राज्य किसान सभा के उपाध्यक्ष प्रभुराज नारायण राव ने बताया कि अखिल भारतीय किसान सभा लगातार किसानों , खेत मजदूरों के सवालों को लेकर देशभर में संघर्ष कर रहा है । संयुक्त किसान मोर्चा का राष्ट्रव्यापी आंदोलन जो ऐतिहासिक आंदोलन था । उसमें किसान सभा की महत्वपूर्ण भूमिका रही । किसान सभा ने किसानों की सवालों को लेकर बड़ी बड़ी लड़ाइयां लड़ी है । हैदराबाद के निजाम के खिलाफ ऐतिहासिक संघर्ष किसान सभा ने छेड़ा था । महाराष्ट्र के वर्ली आदिवासी विद्रोह किसान सभा की अग्रणी नेत्री कामरेड गोदावरी पारुलेकर ने किया था । अभी नासिक से मुंबई तक 200 किलोमीटर का लॉन्ग मार्च किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड अशोक ढवले के नेतृत्व में निकाला गया । जो 1 सप्ताह तक चल कर मुंबई पहुंचा और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे , उपमुख्यमंत्री और एक दर्जन मंत्रियों के साथ हमारे किसान सभा के 15 प्रतिनिधि वार्ता में शामिल होकर प्याज और कपास के किसानों को 350 रुपए प्रति क्विंटल अनुदान दिलाया । आज हमें इस लड़ाई को हर किसानों का लड़ाई और हर किसानों का संगठन किसान सभा को बनाने का संकल्प लेना है और किसानों के आंदोलन को मजबूत करना है।

### जनता दल यू के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष के निधन पर सांसद और विधायक ने शोक जताया

**सहरसा।** जनता दल यू के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सरकार के निधन के बाद उनके गंगजला स्थित आवास पर सांसद दिनेश चंद्र यादव,महिषी विधायक गुंजेश्वर साह,जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया एवं पार्टी के अन्य नेता और कार्यकताओं ने पार्थिव शरीर का दर्शन कर पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया। प्रभु से प्रार्थना कर उन्हे अपने श्री चरणों में स्थान देने की कामना की। सांसद यादव ने कहा हरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सरकार बहुत ही साहसी एवं पार्टी के प्रति हमेशा सक्रिय रहने वाले कार्यकर्ता थे ।विधायक गुंजेश्वर साह ने कहा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना उनके संस्कारों में समाहित था ।ऐसे कार्यकताओं को असमय चले जाना पार्टी और समाज की बहुत बड़ी क्षति है। जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया ने कहा पार्टी का वे एक प्रमुख स्तंभ थे ।जो आज ध्वस्त हो गया ।हम सभी पार्टी कार्यकर्ता हतप्रभ एवं शोकाकुल है।

### राजद विधायक सहित आठ पर परिवाद दर्ज

**मुजफ़्फरपुर (हि .स .)।** जिले के बोचहां विधानसभा क्षेत्र से राजद के विधायक अमर पासवान एवं उनके अन्य सहयोगी सहित कुल आठ लोगों के खिलाफ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में कोर्ट परिवाद दर्ज हुआ है। परिवादी वासुदेव पासवान ने आरोप लगाया है कि उनकी खतियानी जमीन में से 16 .5 डिसमिल जमीन साजिश पूर्वक रजिस्ट्री करा ली वह भी किसी दूसरे के द्वारा मामले में परिवादी ने जमीन रजिस्ट्री कराने वाले और गवाह पहचान पर मुकदमा दर्ज कराया है । परिवादी के अधिवक्ता कमलेश कुमार ने कहा कि अमानत में खयानत डालने का विधायक और उसके लोगों ने काम किया है और गलत तरीके से जमीन रजिस्ट्री करा लिया है। इसको लेकर माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में भादवी की धारा 406,420,467,468,471,120 (बी)/34 के तहत मामला दर्ज कराया गया है माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने मामले को स्वीकार करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 20 अप्रैल निर्धारित की है।




# मुंबई ने खोला जीत का खाता, आखिरी गेंद पर दिल्ली को हराया

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.048 |
| राजस्थान | 3 | 2 | 1 | 4 | +2.067 |
| कोलकाता | 3 | 2 | 1 | 4 | +1.375 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 | +0.431 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 | +0.356 |
| पंजाब | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.281 |
| बेंगलुरु | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.800 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 0 | -0.879 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 | -1.502 |
| दिल्ली | 4 | 0 | 4 | 0 | -1.576 |

**पर्पल कैप**



मार्क वुड
लखनऊ
विकेट: 09

**औरेंज कैप**



शिखर धवन
पंजाब
रन: 225

## स्कोड़ कार्ड

**दिल्ली : 172/10 (19.4ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वॉर्नर कै. मेरेडिथ बो. बेहरनडोर्फ | 51 | 47 | 6/0 |
| साव कै. ग्रीन बो. शौकीन | 15 | 10 | 3/0 |
| पांडे कै. बेहरनडोर्फ बो. चावला | 26 | 18 | 5/0 |
| यश धुल कै. वधेरा बो. मेरेडिथ | 02 | 04 | 0/0 |
| पॉवेल एलबी डब्ल्यू चावला | 04 | 04 | 1/0 |
| ललित यादव बोल्ड चावला | 02 | 04 | 0/0 |
| पटेल कै. खान बो. बेहरनडोर्फ | 54 | 25 | 4/5 |
| पोरेल कै. ग्रीन बो.बेहरनडोर्फ | 01 | 03 | 0/0 |
| कुलदीप रन आउट (वधेरा) | 00 | 01 | 0/0 |
| एनरिक नॉर्त्जे बोल्ड मेरेडिथ | 05 | 03 | 1/0 |
| मुस्तफिजुर रहमान नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

अतिरिक्त : 12

विकेट पतन: 1-33, 2-76, 3-81, 4-86, 5-98, 6-165, 7-166, 8-166, 9-166, 10-172.

गेंदबाज : जेसन बेहरनडोर्फ : 3-0-23-3, अरशद खान : 1-0-12-0, कैमरन ग्रीन : 3-0-30-0, ऋतिक शौकीन : 4-0-43-1, राइली मेरेडिथ : 3.4-0-34-2, पीयूष चावला : 4-0-22-3, तिलक वर्मा :1-0-7-0.

**मुंबई: 173/4 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित कै. पोरेल बो.रहमान | 65 | 45 | 6/4 |
| किशन रन आउट( कुमार/यादव) | 31 | 26 | 4/0 |
| तिलक शर्मा कै. पांडे बो. कुमार | 41 | 29 | 1/4 |
| सूर्यकुमार कै. यादव बो. कुमार | 00 | 01 | 0/0 |
| टिम डेविड नाबाद | 13 | 11 | 0/1 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 17 | 08 | 1/1 |

अतिरिक्त : 06

विकेट पतन: 1-71, 2-139, 3-139, 4-143,

गेंदबाज: मुकेश कुमार :2-0-30-2, मुस्तफिजुर रहमान : 4-0-38-1, एनरिक नॉर्त्जे : 4-0-35-0, ललित यादव : 4-0-23-0, अक्षर पटेल : 4-0-20-0, कुलदीप यादव : 2-0-23-0.

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मंगलवार को आइपीएल 2023 में खेले गए मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैप्टिलस को 6 विकेट से मात दी। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 173 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में मुंबई ने यह लक्ष्य आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया। मुंबई को आखिरी गेंद पर 2 रन की जरूरत थी, जिसपर टिम डेविड ने दो रन दौड़कर मुंबई को जीत दिलाई। इसी के साथ आइपीएल 2023 में मुंबई ने पहली दो हार के बाद टूनार्मेंट में पहली जीत दर्ज की, जबकि दिल्ली अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। यह दिल्ली की आइपीएल 2023 में लगातार चौथी हार है। मुंबई की ओर से लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान रोहित शर्मा ने 45 गेंदों में 6 चौके और 4 छक्के की मदद से 65 रनों की पारी खेली। उनके अलावा तिलक वर्मा ने भी 1 चौके और 4 छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। ईशान किशन ने भी 31 रनों का योगदान दिया। सूर्यकुमार यादव एक बार फिर फ्लॉप रहे और बिना खाता खोले ही प्वेलियन लौट गए। दिल्ली की ओर से मुकेश कुमार ने 2 विकेट चटकाए, जबकि मुस्तफिकुर रहमान ने 1 विकेट चटकाई। मुंबई की ओर से अंत में कैमरून ग्रीन ने नाबाद 17, जबिक टिम डेविड ने नाबाद 13 रनों की पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 173 रनों का लक्ष्य रखा है। दिल्ली के कप्तान डेविड वार्नर और बल्लेबाज अक्षर पटेल ने अर्धशकीय पारी खेली। अक्षर ने 25 गेंदों में 4 चौके और 5 छक्कों की मदद से 54 रन बनाए, जबकि डेविड वार्नर ने 47 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 51 रनों की पारी खेली। पृथ्वी शॉ एक बार फिर फ्लॉप रहे और 15 रन बनाकर आउट हो गए। मनिष पांडे ने छोटी लेकिन दमदार पारी खेली। उन्होंने 18 गेंदों में 26 रन बनाए।



मैन ऑफ द मैच
**रोहित शर्मा**

| | |
|---|---|
| 65 | रन |
| 45 | गेंद |
| 6 | चौका |
| 4 | छक्का |

### डेविड वार्नर ने रचा इतिहास, बतौर कप्तान बनाया जबरदस्त रिकॉर्ड

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलते हुए इंडियन प्रीमियर लीग में बतौर कप्तान 3000 रन पूरे किए। वार्नर, जो पहले सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी के कप्तान के रूप में शानदार स्कोरर थे, उन्होंने हाल ही में टूनार्मेंट के इतिहास में सबसे तेज 6000 रन बनाने का रिकॉर्ड भी बनाया है। वार्नर बतौर कप्तान 3000 या उससे अधिक रन बनाने वाले पांचवे बल्लेबाज बने हैं। कप्तान वार्नर अब विराट कोहली और एमएस धोनी जैसे प्रमुख नामों के साथ एलिट लिस्ट में शामिल हो गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पूर्व कप्तान विराट कोहली 4881 रनों के साथ इस सूची में सबसे आगे हैं, इसके बाद एमएस धोनी हैं जिनके नाम चेन्नई सुपर किंग्स और राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स के कप्तान के रूप में 4582 रन हैं।

## चेन्नई सुपर किंग के गढ़ में राजस्थान की परीक्षा आज

**चेन्नई।** शानदार फॉर्म में चल रहे राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से उसके गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर होगा जिसमें उसके धुरंधर स्पिनरों से निपटने की चुनौती आसान नहीं होगी। रॉयल्स ने अभी तक तीन में से दो मैच गुवाहाटी में खेले जहां उन्हें सपाट पिच मिली। अब चेन्नई में पिच धीमे गेंदबाजों की मददगार होगी। टॉस की भूमिका अहम होगी क्योंकि इस पिच पर 170 या 175 रन के लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं होगा। खास तौर पर जब सामने मोईन अली, रविंद्र जडेजा और मिशेल सेंटनेर जैसे गेंदबाज हों। तीनों अभी तक तीन मैचों में 11 विकेट ले चुके हैं और उनका इकॉनामी रेट बहुत शानदार रहा है। मोईन ने दो मैचों में 6. 50 की औसत से गेंदबाजी की जबकि जडेजा और सेंटनेर ने भी प्रति ओवर 7 से कम रन दिए हैं। मोईन खाद्य संक्रमण के कारण पिछला मैच नहीं खेल सके थे लेकिन अब वह सिसांडा मगाला की जगह खेलेंगे। वहीं बेन स्टोक्स के फिट नहीं होने पर उनकी जगह ड्वेन प्रिटोरियस लेंगे। रॉयल्स के स्पिनरों को भी हलके में नहीं लिया जा सकता। चतुर गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन का यह घरेलू मैदान है और युजवेंद्र चहल भी मैच विनर गेंदबाज हैं। तमिलनाडु के मुरूगन अश्विन भी टीम में हैं। चेन्नई को दीपक चाहर की कमी खलेगी जो हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टूनार्मेंट से बाहर हैं। देखना यह है कि धोनी अब राजवर्धन हंगरगेकर और सिमरजीत सिंह में से किसे चुनते हैं।

## बुजुर्ग की तूफानी गेंदबाजी देख हैरान रह गये शोएब अख्तर, ट्विटर पर शेयर किया वीडियो

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर के नाम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज गेंद फेंकने वाले गेंदबाज हैं। शोएब के नाम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 161.3 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकने का रिकार्ड दर्ज है। वह अपने समय में हमेशा अपनी तेज रफ्तार और एग्रेशन के लिए मशहूर रहे। हालांकि, शोएब के संन्यास लेने के बाद उनकी जैसी रफ्तार से किसी गेंदबाज ने प्रभावित नहीं किया, लेकिन शोएब ने अब एक ऐसा गेंदबाज ढूंढ निकाला है जिससे वह खुद प्रभावित हो गए हैं।शोएब ने इंटरनेट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें एक बुजुर्ग आदमी तेजी से रनअप लेते हुए शानदार गति से गेंद फेंक रहा है। शोएब अख्तर इस बुजुर्ग के जज्बे को देखकर हैरान रह गए है। शोएब ने इस बुजुर्ग आदमी का वीडियों अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है।

## ज्वेरेव, दिमित्रोव अगले दौर में पहुंचे



**मोनाको।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के पहले दौर में अलेक्जेंडर बुबलिक को 3.6, 6.2, 6.4 से हराकर जीत के साथ क्ले कोर्ट सत्र का आगाज किया। 13वीं वरीयता प्राप्त जर्मनी के ज्वेरेव पिछले साल फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में दाहिने टखने की चोट के कारण कोर्ट छोड़ने के बाद से पहली बार क्लेकोर्ट पर खेल रहे हैं। दो बार सेमीफाइनल में पहुंचे ग्रिगोर दिमित्रोव ने अमेरिका के बेन शेल्टन को 6.1, 3.6, 6.3 से मात दी। अब उनका सामना चेक गणराज्य के जिरि लेहेका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच का सामना क्वालीफायर इवान गाखोव से होगा। स्टेफानोस सिटसिपास की टक्कर फ्रांस के बेंजामिन बोंजी से होगी। रफेल नडाल, कार्लोस अलकाराज और फेलिक्स आगर एलियास्सिमे इस टूनार्मेंट में नहीं खेल रहे हैं।

## ईशान को शतरंज में संयुक्त बढ़त

**मुंबई।** भारतीय शतरंज के वंडर ब्वॉय 12 वर्ष के ईशान तेंदोलकर ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अखिल भारतीय फिडे रेटिंग शतरंज टूनार्मेंट के छठे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त फिडे मास्टर सौरव खर्डेकर को हरा दिया। इसके साथ ही वह एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गए और अब छह में से 5.5 अंक लेकर तीन अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त बढ़त बनाये हुए हैं। चौदह वर्षीय के जायसवाल ने तीसरी वरीयता प्राप्त राघव श्रीवास्तव को मात दी। इसके साथ ही वह पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। शणमुख पुल्ली, दर्श शेट्टी और मयूरेश पारकर उनके साथ दूसरे स्थान पर हैं। अर्णव खर्डेकर और आयुष शिरोडकर के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। ये दोनों ईशान और विक्रमादित्य कुलकर्णी के साथ शीर्ष पर हैं। तीसरे स्थान पर 11 खिलाड़ी हैं।

## मुंबई सिटी ने सुपर कप फुटबॉल में चर्चिल ब्रदर्स को 2-1 से हराया



**मंजेरी।** मुंबई सिटी एफसी ने एक गोल से पिछड़े के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां सुपर कप फुटबॉल टूनार्मेंट के ग्रुप डी के पहले लीग मैच में चर्चिल ब्रदर्स को 2-1 से हराया। अंशुमाना क्रोमाह ने नौवें मिनट में चर्चिल को बढ़त दिलाई लेकिन मेहताब सिंह ने 27वें मिनट में रोवलिन बोर्गेस की फ्रीकिक को हेडर से गोल में डालकर स्कोर 1-1 कर दिया। लालियान चांगटे ने इसके बाद दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मुंबई सिटी की जीत सुनिश्चित की।

## प्रीतम सिवाच अकादमी ने जीती अंडर-21 महिला हॉकी लीग

**लखनऊ।** प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स फाउंडेशन हॉकी टीम ने खेलो इंडिया अंडर-21 महिला लीग के फाइनल में मंगलवार को एचएआर हॉकी अकादमी को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पद्म श्री मोहम्मद शाहीद हॉकी स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में तन्नु ने पहले क्वार्टर में एक फील्ड गोल के माध्यम से प्रीतम सिवाच का खाता खोला, जबकि साक्षी राणा ने तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। असाक्षी कुल 8 गोल करके टूनार्मेंट की शीर्ष स्कोरर भी बनी रहीं। इस बीच, स्पोर्ट्स हॉस्टल ओडिशा ने पहले दिन कांस्य पदक मैच में साई बाल टीम को 3-1 से हराया। कुलदीप सिवाच द्वारा प्रशिक्षित टीम को चैंपियन बनने पर 5 लाख रुपए के इनाम से नवाजा गया, जबकि उपविजेता को 3 लाख रुपए दिए गए। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को दो-दो लाख रुपए दिए गए।

## सोनी ने हासिल किये यूरो 2024, 28 के प्रसारण अधिकार

**नयी दिल्ली।** भारत के अग्रणी खेल प्रसारणकर्ता सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने यूरोप में फुटबॉल के शासी निकाय यूनियन ऑफ यूरोपियन फुटबॉल एसोसिएशन (यूएफा) के साथ अपने सहयोग का विस्तार करते हुए यूरो 2024 और यूरो 2028 के प्रसारण अधिकार हासिल किये हैं। सोनी ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि इस सहयोग के अंतर्गत सोनी 2022 से 2028 तक निर्धारित सभी यूएफा राष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं का प्रसारण करेगा। सोनी यूएफा यूरो 2024 और 2028 के साथ-साथ इसके यूरोपीय क्वालीफायर तथा दोस्ताना मैचों को भी प्रसारित करेगा।

## निशा दहिया ने जीता रजत, प्रिया को कांस्य



**अस्ताना।** भारतीय पहलवान निशा दहिया ने एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में मंगलवार को जापान की आमी इशी से हारने के बाद रजत पदक से संतोष किया। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता इशी ने 68 किग्रा वर्ग के फाइनल में भारतीय पहलवान को चित्त करके 10-0 से मात दी। इससे पूर्व, निशा ने चीन की फेंग झोऊ के खिलाफ पिछड़े के बाद वापसी करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनायी थी। एशियाई चैंपियनशिप में पदार्पण कर रहीं निशा सेमीफाइनल में एक समय पर 3-6 से पिछड़ी हुई थीं, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए फेंग को 7-6 से हराया। इससे पूर्व उन्होंने क्वार्टरफाइनल में मंगोलिया की डेलगर्मा एंखसाईखान को मात दी थी। इसी बीच, निशा की हमवतन प्रिया (76 किग्रा) ने कांस्य पदक मुकाबले में जापान की मिजुकी नागाशीमा को 2-1 से हराया। नीलम ने भी 50 किग्रा के कांस्य पदक मुकाबले में जगह बनाई थी, लेकिन उन्हें जापान की रेमिना योशीमोतो के हाथों 8-0 की हार का सामना करना पड़ा।

## धीमी ओवर गति के लिये डु प्लेसिस पर लगा जुर्माना

एजेंसी



**बेंगलुरु।** लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ खेले गये आइपीएल मुकाबले में धीमी ओवर गति बनाये रखने के लिये रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पर सोमवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ आइपीएल 2023 के 15वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाये रखने के लिये जुर्माना लगाया गया है। चूंकि आइपीएल की आचार संहिता के तहत यह इस सीजन में न्यूनतम ओवर-रेट से संबंधित टीम का पहला अपराध है, कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। सुपरजायंट्स ने सोमवार को खेले गये मुकाबले में आरसीबी पर एक विकेट की जीत दर्ज की। सुपरजायंट्स के 11वें नंबर के बल्लेबाज आवेश खान ने उत्साह में जीत का जश्न मनाते हुए अपना हेलमेट जमीन पर दे मारा, जिसके लिये मैच रेफरी ने उन्हें भी फटकार लगायी। आवेश के ऊपर हालांकि कोई आर्थिक जुर्माना नहीं लगाया गया। लखनऊ सुपरजायंट्स के आवेश खान को आचार संहिता के उल्लंघन के लिये फटकार लगाई गयी है। आवेश ने आइपीएल की आचार संहिता के स्तर-1 के अपराध 2.2 और सजा को स्वीकार किया। आचार संहिता के स्तर-1 के उल्लंघन के लिये मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।

### वर्ल्ड कप 2023 से पहले बीसीसीआइ ने फैंस की शिकायत के बाद उठाया बड़ा कदम

# स्टेडियम की मरम्मत के लिए खर्च करेगा 500 करोड़

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) इस वक्त आइपीएल 2023 के आयोजन में व्यस्त है। बोर्ड की नजरें हालांकि सिर्फ आइपीएल पर ही नहीं हैं, बल्कि इस साल के सबसे बड़े टूनार्मेंट पर हैं। अक्टूबर-नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप का आयोजन होना है। 12 साल बाद टूनार्मेंट भारत लौट रहा है और ऐसे में बीसीसीआइ किसी भी तरह की कमी नहीं छोड़ना चाहती। भारत समेत दुनियाभर से फैंस आएंगे और ऐसे में उन्हें परेशानी न हो, इसके लिए बोर्ड 500 करोड़ रुपये खर्च करने वाला है। बीसीसीआइ की मेजबानी में इस साल कुल 12 वेन्यू में टूनार्मेंट का आयोजन होना है। हालांकि, अभी तक इसका आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है लेकिन बेंगलुरु, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, मुंबई, अहमदाबाद, हैदराबाद, धर्मशाला, गुवाहाटी, लखनऊ, इंदौर और राजकोट में टूनार्मेंट के 48 मैच खेले जाएंगे।

### 5 स्टेडियमों पर 500 करोड़ खर्च

अब साल के अंत में इतना बड़ा इवेंट आयोजित होना है, जिसमें सिर्फ भारत के ही नहीं, बल्कि अलग-अलग देशों के फैंस भी हिस्सा लेने आएंगे। ऐसे में उनके सामने फजीहत न हो, इसके लिए बीसीसीआइ की आंखें खुल गई हैं। बोर्ड पांच बड़े वेन्यू में सुविधाओं और कुछ बदलाव के लिए 500 करोड़ रुपये खर्च करने जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली, मोहाली, मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद के स्टेडियमों पर ये रकम खर्च की जाएगी। सबसे ज्यादा 127 करोड़ रुपये कोलकाता के मशहूर ईडन गार्डन्स पर खर्च किये जाएंगे। वहीं, हैदराबाद स्टेडियम के लिए 117.17 करोड़, दिल्ली के लिए 100 करोड़, मोहाली के लिए 79.46 और मुंबई के वानखेडे के लिए 78.82 करोड़ रुपये की लागत तय की गई है।

### डॉमेस्टिक सीजन का ऐलान

वहीं बीसीसीआइ ने घरेलू सीजन का कैलेंडर भी जारी कर दिया है। पहली बार डॉमेस्टिक क्रिकेट सीजन की शुरूआत जून से हो जाएगी। 28 मई को आइपीएल 2023 के फाइनल के ठीक एक महीने बाद 28 जून से दलीप ट्रॉफी के साथ नया सीजन शुरू होगा। इस सीजन में अलग-अलग टूनार्मेंटों में कुल 1846 मैच खेले जाएंगे। वहीं विजय हजारे वनडे टूनार्मेंट 23 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलेगा। इससे पहले सैयद मुश्ताक अली टी20 टूनार्मेंट खेला जाएगा, जो 16 अक्टूबर से 6 नवंबर तक चलेगा। तीन साल के इंतजार के बाद देवधर ट्रॉफी की भी वापसी हो रही है, जो 24 जुलाई से 3 अगस्त तक चलेगा और इसके बाद 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक ईरानी ट्रॉफी होगी।

**पांच अक्टूबर से होगा वर्ल्ड कप**

टूनार्मेंट 46 दिनों तक चलेगा और तीन नॉकआउट सहित 48 मैच खेले जाएंगे। इस बार वर्ल्ड कप में 10 टीमें भाग लेंगी। क्रिकेट के इस महाकुंभ का आयोजन 5 अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होगा। इसके मुकाबले भारत के 12 शहरों में आयोजित होंगे। हालांकि अभी यह तय नहीं किया गया है कि कौन से मैच किस मैदान पर खेले जाएंगे। हर चार साल में होने वाले इस मेगा टूनार्मेंट का फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा।

### लगातार मिलती रही फैंस की शिकायत

विश्व क्रिकेट का सबसे बड़ा गढ़ होने के बावजूद भारतीय क्रिकेट स्टेडियमों में फैंस लगातार खराब सुविधाओं की शिकायत करते रहते हैं। खास तौर पर साफ-सफाई और पीने के पानी जैसी बुनियादी जरूरतों की कमी को लेकर बीसीसीआई की आलोचना होती रहती है। हाल ही में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट और वनडे सीरीज के दौरान दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम और मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में कई फैंस ने ऐसी शिकायतें की।

## एशिया कप छोड़ने पर पाक को होगा लाखों डॉलर का नुकसान, सेठी बोले: नुकसान सहने को तैयार

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख नजम सेठी ने कहा है कि अगर वे इस साल एशिया कप नहीं खेलते हैं तो टूनार्मेंट से होने वाली कमाई में करीब 30 लाख डॉलर का नुकसान हो सकता है। सेठी ने कहा कि पाकिस्तान यह नुकसान सहने को तैयार है क्योंकि यह सिद्धांत का मसला है। उन्होंने कहा, हमने साफ तौर पर कहा है कि अगर एशिया कप हाइब्रिड आधार पर नहीं होता है तो हम कोई और शेड्यूल स्वीकार नहीं करेंगे और ना ही खेलेंगे। पाकिस्तान को सितंबर में एशिया कप की मेजबानी करनी है लेकिन टूनार्मेंट के आयोजन को लेकर अस्पष्टता है क्योंकि भारत ने साफ तौर पर कहा है कि वह पाकिस्तान में नहीं खेलेगा। सेठी ने कहा, अब भारत के लिये सुरक्षा कोई मसला नहीं है और हमने उन्हें कहा है कि अगर सरकार पाकिस्तान में खेलने की अनुमति नहीं दे रही है तो हमें इसका लिखित सबूत दिखाओ। उन्होंने कहा, जब ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड समेत दूसरी टीमें पाकिस्तान में खेलने को तैयार हैं तो भारत को पाकिस्तान आने में सुरक्षा का कोई मसला नहीं होना चाहिए।

## पेज 1 का शेष

### वित्तीय गड़बड़ी...

ओएसडी ने विभावि के रजिस्ट्रार मामले में भी पूछताछ की। जानना चाहा कि डॉ बीके गुप्ता का कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद भी उन्हें पद पर कैसे बनाए रखा गया। कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी वह माह भर क्यों और कैसे रजिस्ट्रार के पद पर बने रहे। उनके इस दौरान किए गए कार्यों और लिए गए फैसलों के बारे में पूछताछ की गयी। साथ ही पूरा ब्योरा राजभवन भेजने को कहा गया। वहीं कहा गया कि पहले जो विभावि से तीन लोगों के नाम रजिस्ट्रार के लिए भेजे गए, उनमें सभी 60 वर्ष से अधिक के लोग हैं। ऐसे नामों का प्रस्ताव मांगा गया, जो व्यक्ति 60 वर्ष से कम उम्र के हों।

### खौफ में अतीक...

**अतीक को जान का खतरा :** अतीक अहमद ने पिछले महीने सुरक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। अपनी याचिका में उसने दावा किया था कि उसे और उसके परिवार को प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड में बतौर आरोपी, झूठा फंसाया गया है और उत्तर प्रदेश पुलिस उसे फर्जी मुठभेड़ में मार सकती है। उत्तर प्रदेश पुलिस 26 मार्च को भी अतीक अहमद को अदालत में पेश करने के लिए गुजरात के अहमदाबाद शहर से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिला ले गयी थी। 28 मार्च को वहां की अदालत ने 2006 के उमेश पाल अपहरण मामले में अतीक अहमद और दो अन्य को उम्र कैद की सजा सुनायी थी। 60 वर्षीय पूर्व विधायक और लोकसभा के पूर्व सदस्य अतीक को प्रयागराज से लगभग 24 घंटे की सड़क यात्रा के बाद 29 मार्च को उत्तर प्रदेश पुलिस की वैन में गुजरात की उच्च सुरक्षा वाली जेल में वापस लाया गया था। 2006 में, अतीक अहमद और उसके सहयोगियों ने उमेश पाल का अपहरण कर लिया था और उन्हें अपने पक्ष में अदालत में बयान देने के लिए मजबूर किया था।

### तय होगा वन उपज...

**जनता के दरवाजे तक पहुंच रही योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सरकार की आवाज, नजरें और योजनाएं गांव -गांव पहुंच रही है। पहले वातानुकूलित दफ्तरों में योजनाएं बनती थी और वहीं खत्म भी हो जाती थी। हमारी सरकार ने अलग झारखंड राज्य बनने के बाद पिछले दो दशकों से चली आ रही इस परिपाटी को बदल दिया है। अब पंचायतों में शिविर लगाकर आपके दरवाजे पर योजनाओं को लेकर अधिकारियों की फौज पहुंच रही है और आपकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब तकनीकों के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्यायों को सुनेंगे और समाधान करेंगे। वर्तमान में क्षेत्र भ्रमण के दौरान तो लोगों से मिलकर उनकी बातें सुनते ही हैं। अब तकनीकों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों से एक साथ जुड़ेंगे। इसके लिए एलइडी वैन इस्तेमाल भी होगा। सीएम ने जिले के दूरस्थ सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए चार बाइक एंबुलेंस की चाबी भी सौंपी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों की उन्नति के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। **बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रयास जारी :** सीएम ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे-बच्चियों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति की राशि में तो बढ़ोतरी की ही गयी है । इसके अलावा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना भी सरकार ने शुरू की है । वहीं, निजी विद्यालयों की तर्ज पर बच्चों को शिक्षा देने के लिए मॉडल स्कूल विकसित किये गये हैं। कार्यक्रम में सांसद विजय हांसदा, जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका टुडू, निबंधकए सहयोग संमितियां मृत्युंजय वर्णवाल और जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। **लोगों की समस्याएं हर हाल सुलाझायें :** सीएम- साहिबगंज। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की जनता को कोई कष्ट न हो, उसकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन हो। लोगों के दुःख-दर्द को सुनना और उसे दूर करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

### गर्मी में लोगों को...

खुशबू कटारुका के द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम और धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों के द्वारा हड़प ली गयी है। वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। इसका काफी बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है। इतना ही नहीं रांची में तालाबों की स्थिति भी बदतर होती जा रही है।

### पाक कंगाल...

दिलचस्प है कि जिस समय पाकिस्तान, रूस से आटा ले रहा था उसी समय उसके दुश्मन के हथियार सप्लाई कर रहा था। जो मुनाफा पाकिस्तान की सेना को हुआ है वह भी चौंकाने वाला है। शायद यही वजह है कि देश के आर्थिक संकट के बावजूद पाकिस्तानी सेना हथियार हासिल करने में लगी हुई है। पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री एक सरकारी कॉरपोरेशन है जो वाह कैंट, पंजाब, पाकिस्तान में स्थित है। यह फैक्ट्री सबसे अहम डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर है। इसके अलावा यह पाकिस्तान के रक्षा उत्पादन मंत्रालय के तहत ऑपरेट होने वाली सबसे बड़ी डिफेंस फैक्ट्री है। बिल के अनुसार, लोडिंग और अनलोडिंग, पैकिंग, मजदूरी और और पोर्ट क्लीयरेंस से जुड़े कामों के लिए 43 मिलियन पाकिस्तानी रुपए खर्च होने का अंदाजा लगाया गया है। कराची पोर्ट ट्रस्ट के ट्रैफिक मैनेजर को संबोधित एक अन्य पत्र में शिपमेंट के लिए बंदरगाह में माल प्रवेश करने की अनुमति के लिए अनुरोध 18 जनवरी, 2023 को किया गया था।

# पूर्व सैनिकों के अनुभव का लाभ उठायें राज्यः राजनाथ

एजेंसी

**पूर्व और वर्तमान सैनिकों के भूमि विवादों का प्राथमिकता के आधार सुलझाएं सभी राज्य : रक्षा मंत्री**



**केंद्रीय सैनिक बोर्ड की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अन्य।**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों को राष्ट्रीय संपत्ति बताते हुए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सरकारों से देश की तरक्की के लिए उनके समृद्ध तथा व्यावहारिक अनुभव का उपयोग करने के लिए नए तौर-तरीके बनाने का आग्रह किया है। श्री सिंह ने मंगलवार को केंद्रीय सैनिक बोर्ड (केएसबी) की 31वीं बैठक की अध्यक्षता की। केएसबी केंद्र सरकार, राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की शीर्ष संस्था है। इसे पूर्व सैनिकों (ईएसएम) के कल्याण और पुनर्वास का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। बैठक में नीतिगत उपायों के माध्यम से पूर्व सैनिकों तक पहुंचने बनाने के विचार-विमर्श किया गया ताकि उनके कल्याण और पुनर्वास को और अधिक सुनिश्चित किया जा सके। रक्षा मंत्री ने पूर्व सैनिकों को राष्ट्रीय संपत्ति बताया और देश के लाभ के लिए उनके समृद्ध तथा व्यावहारिक अनुभव का उपयोग करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नए तौर-तरीके बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अनेक राज्यों में पूर्व सैनिकों के लिए नौकरियों में आरक्षण है, जिस पर पूरी तरह से अमल किया जाना चाहिए और इसकी निगरानी की जानी चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य तथा केन्द्र शासित प्रदेशों ने सैनिकों के कल्याण के लिए हमेशा एक साथ काम किया है। उन्होंने केएसबी द्वारा किए जा रहे कार्यों को सहकारी संघवाद का ज्वलंत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि राज्यों और राजनीतिक दलों के बीच अनेक विषयों पर मतभेद हैं। यह सब लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन जब बात सैनिकों और पूर्व सैनिकों के कल्याण की आती है तो सभी एक साथ आ जाते हैं। हमारे सैनिकों को लेकर हमेशा सामाजिक और राजनीतिक सहमति रही है। सशस्त्र बल समान रूप से पूरे देश की रक्षा करते हैं। यह हमारी राष्ट्रीय और सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम यह सुनिश्चित करें कि सेवानिवृत्ति के बाद समाज में वापस जाने वाले हमारे सैनिक सम्मानित जीवन जीएं।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में केएसबी की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लगभग 3.16 लाख लाभार्थियों को लगभग 800 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। पिछले वित्त वर्ष में एक लाख लाभार्थियों को लगभग 240 करोड़ रुपए दिए गए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आवश्यक बजट प्रदान किया जा रहा है।

बैठक के एजेंडे में सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस समारोह का दायरा बढ़ाने के उपाय, पूर्व सैनिक (ईएसएम) समुदाय में गौरव की भावना बढ़ाने, सशस्त्र सेना झंड़ा दिवस कोष के अंतर्गत अनुदानों में वृद्धि, सशस्त्र बल कर्मियों को राज्य लाभ एवं अनुदान प्रदान करने में एकरूपता, संबंधित राज्यों में ईएसएम कारपोरेशन की स्थापना तथा सबसे अच्छा कार्य प्रदर्शन करने वाले राज्य सैनिक बोर्ड के लिए पुरस्कार का गठन शामिल था। श्री सिंह ने आशा व्यक्त की कि सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन रक्षा पूर्व सैनिकों की पेंशन से संबंधित समस्याओं को सुलझाने में सफल होगी। उन्होंने राज्य सरकारों से पूर्व सैनिकों के साथ-साथ सेवारत कर्मियों के भूमि विवादों को सुलझाने में उच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

विचार-विमर्श में विभिन्न राज्यों के मंत्री, प्रमख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरिकुमार, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सचिव (पूर्व सैनिक कल्याण) विजय कुमार सिंह, केएसबी के सचिव कॉमोडोर एच.पी. सिंह, राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और सैन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

## स्पीड न्यूज

### महिला के साथ दो करोड़ की धोखाधड़ी

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में 61 वर्षीय महिला से एक व्यक्ति ने सीमा शुल्क भुगतान के बहाने कथित तौर पर दो करोड़ रुपये ठग लिए। पीड़िता से आरोपी की दोस्ती सोशल मीडिया के जरिये हुई थी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुनीता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि दिसंबर 2022 में सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति ने उन्हें दोस्ती की पेशकश की, जिसने खुद को ब्रिटिश एयरवेज का पायलट बताया था।

### जुलाई से टोफेल की अवधि दो घंटे होगी

नयी दिल्ली। जुलाई से टोफेल (टेस्ट ऑफ इंग्लिश एज ए फॉरेन लैंग्वेज) की अवधि एक घंटे कम की जाएगी और उम्मीदवारों को अंकों की तात्कालिक स्थिति की सूचना मिल सकेगी। टोफेल का आयोजन करने वाली शैक्षिक परीक्षा सेवा (ईटीएस) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईटीएस के मुताबिक, टोफेल के लिए अब तीन घंटे के बजाय दो घंटे का समय दिया जाएगा। इसने कहा कि अंग्रेजी भाषा की दक्षता परीक्षा टोफेल देने वालों को अब परीक्षा पूरी होने पर आधिकारिक अंक जारी होने की तारीख की भी जानकारी मिल जाएगी।

### अमृतपाल के सहयोगी डिबूगढ़ जेल में शिफ्ट

अमृतसर/डिब्रूगढ़। अलगाववादी अमृतपाल सिंह के करीबी सहयोगी पपलप्रीत सिंह को मंगलवार को असम के डिब्रूगढ़ लाया गया और उसे केंद्रीय जेल में रखा गया है। अमृतपाल का गुरु माने जाने वाले पपलप्रीत सिंह को सोमवार को अमृतसर जिले में पकड़ा गया था और उसे राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### सीबीआइ ने टाइटलर की आवाज का नमूना लिया

नयी दिल्ली ।सीबीआइ ने दिल्ली के पुल बंगश इलाके में 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के मामले में मंगलवार को कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर की आवाज का नमूना लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक तीन अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने वाली एजेंसी ने मामले में ह्यह्यनए सबूत मिलने के बाद यह कदम उठाया है।

### सलमान खान को धमकी देने वाला युवक हिरासत में

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अभिनेता सलमान खान को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में ठाणे जिले के 16 वर्षीय एक लड़के को हिरासत में लिया है। किशोर ने कथित तौर पर पुलिस नियंत्रण कक्ष में फोन कर सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी थी। मुंबई पुलिस के मुख्य नियंत्रण कक्ष में सोमवार को यह फोन आया था ।अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीक की मदद से उन्होंने उस नंबर का पता लगा लिया जिससे फोन किया गया था।

### टीएमसी के फलेरियो का रास से इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** टीएमसी से राज्यसभा सदस्य और गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री लुइज़िन्हो फलेरियो ने संसद के उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फ्लेरियो गोवा में पार्टी के मामलों को लेकर लंबे समय से हाशिये पर थे। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें राज्यसभा से इस्तीफा देने का संकेत दिया था।

### उत्तर प्रदेश में रोडवेज बसों का किराया बढ़ा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रोडवेज बसों का किराया चार रुपये तक बढ़ा दिया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नोएडा डिपो से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तमाम शहरों के लिए बसें चलती हैं, जिसमें मुख्य रुप से मथुरा, आगरा, एटा, कासगंज, बरेली, हरिद्वार, कोटद्वार, मेरठ, लखनऊ आदि शामिल हैं।

सदस्यता समाप्त होने के बाद पहली बार वायनाड पहुंचे राहुल गांधी, कहा

# जनहित के मामले उठाने से रोक नहीं सकती सरकार

एजेंसी

**वायनाड/नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र में मंगलवार को एक जनसभा में कहा कि वह वायनाड और देश के मुद्दों को उठाते रहेंगे। सरकार उन्हें संसद जाने से रोक सकती है, लेकिन जनहित के मुद्दों को उठाने से नहीं रोक सकती है। संसद सदस्यता समाप्त होने के बाद पहली बार वायनाड पहुंचे राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

**राहुल को सच कहने और सवाल पूछने की सजा दी गई : प्रियंका**

उन्होंने कहा कि सांसद तो बस एक पद है। इसलिए भाजपा पद से हटा सकती है। घर ले सकती है और जेल में भी डाल सकती है, लेकिन इससे वह डरने वाले नहीं हैं। सभा को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भी संबोधित किया।

प्रियंका ने कहा कि राहुल को सच कहने और सवाल पूछने की सजा दी गई है। राहुल ने गौतम अडाणी के मद्दे पर सरकार से सवाल पूछा तो उन्हें संसद से बेदखल कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अडाणी को बचाने में लगी। एक व्यक्ति को बचाने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों से समझौता किया जा रहा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वायनाड क्षेत्र से सांसद रहे राहुल को गुजरात के सूरत कोर्ट ने मानहानि के एक मामले में दो वर्ष की सजा सुनाई थी। इसके बाद लोकसभा सचिवालय ने नियमों का हवाला देते हुए 23 मार्च को संसद से उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया था।



**वायनाड में लोगों का अभिवादन करते राहुल गांधी व प्रियका गांधी।**

# 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी

**रोजगार मेला कल**

**10.30 बजे नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी करेंगे मोदी**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को विभिन्न सरकारी विभागों में भर्ती के लिए चयनित 71,000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से उस दिन पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरण के साथ देश भर से जुड़े इन नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। सरकार को उम्मीद है कि रोजगार मेला और रोजगार सृजन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा तथा युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

**इन विभागों में होगी नियुक्ति :** ये नियुक्तियां ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मास्टर, वरिष्ठ वाणिज्यिक लिपिक सह टिकट लिपिक, इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, कनिष्ठ लेखापाल, डाक सहायक, इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, टैक्स सहायक, सीनियर ड्राफ्ट्समैन, जेई/सुपरवाइजर, सहायक प्रोफेसर, शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष, नर्स, परिवीक्षा अधिकारी, वैयक्तिक सहायक, मल्टी टास्किंग कर्मी (एमटीएस) और अन्य पदों के लिए हैं।

विज्ञप्ति के अनुसार नवनियुक्त कर्मियों को कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से स्वयं को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा, जो विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नवनियुक्त कर्मियों के लिए एक ऑनलाइन उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम है।

## मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनायेगी : शाह

डिब्रूगढ़(असम)। गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि भाजपा अगले साल होने वाले आम चुनावों में देश भर में 300 से अधिक लोकसभा सीट जीतेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगी। शाह ने एक रैली को संबोधित करते हुए विश्वास जताया कि पार्टी इस पूर्वोत्तर राज्य में 14 में से 12 सीट पर जीत हासिल करेगी। शाह ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में 300 से अधिक सीट पर पार्टी के जीत हासिल करने के साथ नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर को कभी कांग्रेस का एक गढ़ माना जाता था, लेकिन राहुल गांधी की (भारत जोड़ो) यात्रा के बावजूद पार्टी क्षेत्र के तीन राज्यों में हुए हालिया विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही।

# सीडीएस बोले-अंतरिक्ष में भी युद्ध की आशंका

**नयी दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को अंतरिक्ष के सैन्यीकरण की होड़ को रेखांकित करते हुए अंतरिक्ष क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक को शामिल करने पर विशेष जोर देने के साथ ही दोहरे उपयोग वाले मंच विकसित करने की वकालत की। जनरल चौहान ने भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कहा कि अंतरिक्ष के शस्त्रीकरण की दिशा में निरंतर होड़ से अंतरिक्ष में युद्ध की आशंका पैदा हो गई है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय अंतरिक्ष संघ (आईएसपीए) ने किया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष एक ऐसा क्षेत्र है जो भूमि, समुद्र, वायु और यहां तक कि साइबर सहित अन्य क्षेत्रों की क्षमताओं को बढ़ा रहा है। अंतरिक्ष का सैन्य उपयोग अहम विमर्श है जिससे हम अलग-थलग नहीं रह सकते हैं। सीडीएस ने रूस और चीन के उपग्रह-रोधी परीक्षणों का जिक्र किया एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं के निर्माण के लिए भारत की जरूरत पर बल दिया।

# मानसून सामान्य रहने के आसार

**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि इस वर्ष देश में वर्षा ऋतु (जून-सितंबर 2023) के दौरान कुल मिलाकर बारिश दीर्घकालिक सामान्य स्तर के 96 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है जिसे सामान्य मानसून माना जाता है। आईएमडी महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने संवाददाताओं को बताया कि अनुमान के मॉडल में त्रुटि की संभावना के साथ वास्तविक वर्ष उपरोक्त अनुमान से पांच प्रतिशत कम या अधिक भी हो सकती है। आईएमडी के 1971 से 2021 की अवधि के दीर्घावधि औसत

**जून से सितंबर तक 96 फीसदी हो सकती बारिश : आइएमडी**

(एलपीए) के अनुसार, देश में सामान्यतः वर्षा ऋतु में 87 सेमी बारिश होती है। हर जगह वर्षा में समानता न होने से कई क्षेत्रों में सामान्य से और भी कम या अधिक वर्षा होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा है कि प्रायद्वीपीय भारत के कई क्षेत्रों और उनसे सटे पूर्वी मध्य भारत, पूर्वोत्तर भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने के आसार हैं, जबकि उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों और पश्चिम-मध्य भारत के कुछ हिस्सों सहित पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य या सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। इस समय भारतीय नीनो यानी हिंद महासागर के पूर्वी और पश्चिमी छोर पर समुद्र तल के तापमान में अंतर की स्थितियां तटस्थ बनी हुई हैं और नवीनतम जलवायु मॉडल के अनुसार आगे दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु के दौरान भारतीय नीनो प्रभाव सकारात्मक रूप से विकसित होने के आसार हैं। उत्तरी गोलार्ध और यूरेशिया में सर्दियों और बसंत में वर्षा कम होती है तो दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु वर्षा का अनुमान अधिक हो जाता है क्योंकि दोनों में सामान्यतः विपरीत संबंध की प्रवृत्ति है।

# 'पाइन कोन' में दिखेंगी सुरभी तिवारी



**मुंबई।** अभिनेत्री सुरभि तिवारी ने हाल ही में पाइन कोन नामक अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है जिसमें वह मुख्य किरदारों में से एक की बड़ी बहन राधिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी। ओनिर द्वारा निर्देशित यह फिल्म समलैंगिक संबंधों पर आधारित है जो समलैंगिकता के प्रति समाज के बदलते नजरिए को उजागर करेगी।

फिल्म के बारे में सुरभि तिवारी ने ओनिर के साथ काम करने को लेकर अपनी उत्तेजना व्यक्त की जिसकी वह लंबे समय से प्रशंसा करती रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से उनके साथ काम करना चाहती थी और मैं रोमांचित हूं कि मुझे 'पाइन कोन' के साथ यह मौका मिला है। फिल्म का कथानक 1999 में कोलकाता में पहले समलैंगिक गौरव और 2019 में भारत में समलैंगिकता के गैर-अपराधीकरण के इर्द-गिर्द केंद्रित है। कहानी एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय के संघर्षों और विजयों का एक मार्मिक चित्रण है और यह भी बताती है कि वर्षों में समाज के दृष्टिकोण कैसे विकसित हुए हैं। पाइन कोन ने पहले ही बहुत चर्चा और विवाद पैदा कर दिया है। कई लोग इसके रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, भारत में रिलीज होने से पहले फिल्म को अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भेजा जाएगा, जहां वैश्विक दर्शकों द्वारा इसकी स्क्रीनिंग और मूल्यांकन किया जाएगा। यौन अभिविन्यास के बारे में दृष्टिकोण में परिवर्तन के इस बदलाव को बड़े पर्दे पर लाने का प्रयास ₹पाइन कोन₹ फिल्म के जरिए किया गया है। सुरभि तिवारी के निपुण अभिनय और ओनिर की सिनेमाई दृष्टि के साथ ₹पाइन कोन₹ साल की सबसे प्रभावशाली और विचारोत्तेजक फिल्मों में से एक हो सकती है।

## वाणिज्य की खबरें

### बाजार में सातवें दिन भी तेजी सेंसेक्स फिर 60,000 के पार



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 311 अंक से अधिक उछलकर 60,000 अंक के पार पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने के बीच धातु, बैंक और वित्तीय शेयरों में अच्छी लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 311.21 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 60,157.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 421.17 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 98.25 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,722.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, विप्रो और टाटा मोटर्स नुकसान में रहने वाले शेयरों में शामिल हैं।

### अगले सप्ताह भारत में अपना पहला खुदरा स्टोर खोलेगी एप्पल

**नयी दिल्ली।** आईफोन विनिर्माता एप्पल ने अगले सप्ताह भारत में अपना पहला खुदरा स्टोर खोलने की मंगलवार को घोषणा की। यह दर्शाता है कि एप्पल के लि दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन बाजार का कितना महत्व है। कंपनी, मुंबई में अधिकारिक तौर पर अपना पहला स्टोर 18 अप्रैल को और दिल्ली में दूसरा स्टोर 20 अप्रैल को खोलेगी। वर्तमान में, कंपनी भारत में अपने उत्पादों को विशिष्ट एप्पल प्रीमियम रिसेलर स्टोर (एपीआर) के अलावा रिलायंस डिजिटल, क्रोमा जैसे बड़े प्रारूप वाली खुदरा श्रृंखलाओं, बहु-ब्रांड खुदरा दुकानों और ई-कॉमर्स मंच के जरिये बेचती है। कंपनी ने कहा कि एप्पल ने भारत में ग्राहकों के लिए दो नए खुदरा स्टोर खोलने की आज घोषणा की। 18 अप्रैल को मुंबई में एप्पल बीकेसी और 20 अप्रैल को दिल्ली में एप्पल साकेत खोला जाएगा।

### कर्नाटक के कुछ सहकारी बैंकों में हजार करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने कर्नाटक के कुछ सहकारी बैंकों पर छापा मारकर 1,000 करोड़ रुपये के फर्जी खर्च और कथित वित्तीय अनियमितताओं का पता लगाया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि कर्नाटक में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। आयकर विभाग को संदेह था कि ये बैंक ह्यअपने ग्राहकों की विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं के धन को इस तरह से इधर-उधर कर रहे हैं, ताकि उन्हें कर देनदारियों से बचाया जा सके।' इसके बाद इन बैंकों के 16 परिसरों में तलाशी 31 मार्च को शुरू की गई थी। सीबीडीटी ने बयान में कहा कि तलाशी के दौरान 3.3 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और दो करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए गए। सीबीडीटी, आयकर विभाग के लिए प्रशासनिक निकाय है। बोर्ड ने कहा, ह्यजब्त किए गए सबूतों से पता चला है कि ये सहकारी बैंक विभिन्न व्यापारिक संस्थाओं द्वारा विभिन्न काल्पनिक संस्थाओं के नाम पर जारी किए गए धारक चेक को भुनाने में शामिल थे।' इन व्यावसायिक संस्थाओं में ठेकेदार, रियल एस्टेट कंपनियां आदि शामिल हैं और इस तरह के धारक चेक को भुनाने में केवाईसी मानदंडों का पालन नहीं किया गया था।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Verma's Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.

EAR LOBE REPAIR
HLCCS SKIN, HAIR, COSMETICS AESTHETIC AND LASER CENTER
(कटे हुए कान को ठीक करवाए)


- No Side Effect.
- Pain Less Treatment
- Stitch Less Treatment.
- 100% Guarantee For Life Time
- No Need To Any Kind of Precaution For This Treatment.

Mob. 09334334935, 09431529553, E-mail : hlccs@rediffmail.com
हरमु बाई पास रोड, पुरण विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट अरगोड़ा, राँची 834002

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस